# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, रविवार 6 अक्टूबर 2024



**हरियाणा में 61.61% वोटिंग**

**पलवल में इवीएम बदली**

# नूंह-हिसार में पथराव, लाठी-डंडे चले, कई जगहों पर फर्जी मतदान को लेकर हंगामा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हरियाणा में विधानसभा की 90 सीटों पर बेहद हंगामेदार माहौल में शनिवार को मतदान हुआ। शाम 6 बजे तक 61.61% वोटिंग हुई। कुछ स्थानों पर कहीं हिंसा की खबरें भी आईं, तो कहीं ईवीएम को लेकर भी बवाल खड़ा हो गया।

वोटिंग मशीन में तकनीकी खराबी के बाद पलवल में इवीएम बदली गई, वहीं हिसार में कांग्रेस-भाजपा समर्थक भिड़े, नूंह में कांग्रेस-बसपा वर्करों में पथराव हुआ। नूंह में वोटिंग के दौरान 3 जगह बवाल हुआ। कांग्रेस, इनेलो-बसपा और निर्दलीय उम्मीदवारों के समर्थकों के बीच पथराव हो गया। पथराव में 2 लोग घायल हुए हैं। बवाल को देखते हुए चंदेनी, ख्वाजा कलां और गुलालता में पुलिस बल की तैनाती की गई।



## विनेश के जुलाना में बूथ कैप्चरिंग का आरोप

उधर, जींद के जुलाना में बूथ कैप्चरिंग के आरोप लगे। हालांकि, कांग्रेस कैंडिडेट विनेश फोगाट ने इसे नकारते हुए कहा कि ईमानदारी से पोलिंग हो रही है। उन्होंने कहा, कई गांवों का दौरा किया, कहीं भी ऐसी शिकायत नहीं मिली। सुबह भाजपा प्रत्याशी कैप्टन योगेश बैरागी ने कांग्रेस पर बूथ कैप्चरिंग के आरोप लगाए थे। इस पर वह बूथ पर पहुंचे थे। जहां उनके साथ धक्कामुक्की हुई थी।

## छलका उत्साह... कैथल में सबसे युवा... सबसे बुजुर्ग



युवा वोटर्स



92 साल के बनारसी दास

## 'जयश्री राम नारों' के बीच झड़प

पंचकूला में बीजेपी और कांग्रेस के वर्करों में झड़प हो गई। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच जय श्रीराम के नारे लगाने को लेकर बहस हुई। पार्टी बूथ पर भाजपा के कार्यकर्ता कांग्रेस नेता चंद्रमोहन बिश्नोई की पत्नी को देखकर जय श्रीराम के जयकारे लगा रहे थे। इसका कांग्रेस वर्करों ने विरोध किया। रोहतक के महम से हरियाणा जनसेवक पार्टी (एचजेपी) के उम्मीदवार एवं पूर्व विधायक बलराज कुंडू ने कांग्रेस कैंडिडेट बलराम दांगी के पिता पर हमले का आरोप लगाया। धक्कामुक्की में उनके कपड़े फट गए।

## नारनौद में भिड़े भाजपा-कांग्रेस समर्थक

हिसार में पूर्व वित्त मंत्री एवं नारनौंद से भाजपा कैंडिडेट कैप्टन अभिमन्यु और कांग्रेस उम्मीदवार जस्सी पेटवाड़ के समर्थक आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों के बीच जमकर लात-घूंसे चले। एक-दूसरे पर बोगस वोटिंग कराने का आरोप लगाया। यमुनानगर के जगधारी में फर्जी वोट डालने को लेकर आप कार्यकर्ताओं ने हंगामा कर दिया। पुलिस ने 2 लोगों को हिरासत में लिया है। पलवल में वोटिंग मशीन में तकनीकी खराबी आ गई। जिसके बाद अधिकारियों ने पुरानी मशीन को सील कर नई मशीन लगाई।

## 2019 के विधानसभा चुनाव में 68.20% हुआ था मतदान

हरियाणा में विधानसभा की 90 सीटों पर शाम 6 बजे मतदान खत्म हो गया। चुनाव आयोग के शाम 6 बजे तक जारी आंकड़ों के मुताबिक, 61.61% मतदान हुआ है। आगे आंकड़ों में बदलाव हो सकता है। 2019 के विधानसभा चुनाव में 68.20% मतदान हुआ था। सबसे ज्यादा 67.93% वोटिंग यमुनानगर में, उसके बाद पलवल में 67.69 और फतेहाबाद में 67.05 प्रतिशत वोटिंग हुई। सबसे कम वोटिंग 49.97 प्रतिशत गुरुग्राम में हुई। रिजल्ट 8 अक्टूबर को आएगा।

## चर्चित हस्तियों ने भी किया मतदान...



झज्जर में ओलंपिक मेडलिस्ट शूटर मनु भाकर अपनी फैमली के साथ।



नारनौद में कैप्टन अभिमन्यु ने सपरिवार किया मतदान। गौरतलब है कि वे इस विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार भी हैं।



हिसार में सावित्री जिंदल।



कुरुक्षेत्र में वोट डालने सांसद नवीन जिंदल घोड़े पर पहुंचे।



लाडवा में सीएम नायब सैनी।



सांघी में पूर्व सीएम भूपिंदर हुड्डा।



हिसार में कुमारी सैलजा।



चरखी दादरी में विनेश फोगाट।



तोशम में किरण चौधरी और श्रुति चौधरी।



सिरसा में दुष्यंत चौटाला।

**बस मार्शलों की बहाली के मुद्दे पर हाई वोल्टेज ड्रामा**

# भाजपा विधायक सचिवालय से भागने लगे, मंत्री भारद्वाज ने पैर पकड़कर रोका

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली में बस मार्शलों की बहाली के मुद्दे पर शनिवार को हाई बोल्टेज ड्रामा दिखाई दिया। दरअसल, दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी, आम आदमी पार्टी और भाजपा विधायकों के साथ बस मार्शलों की बहाली को लेकर कैबिनेट नोट सौंपने और उस पर मंजूरी के लिए उपराज्यपाल वीके सक्सेना के कार्यालय पहुंचीं थीं। आम आदमी पार्टी का कहना है भाजपा विधायक सचिवालय से भागने लगे, लेकिन मंत्री सौरभ भारद्वाज ने उनके पैर पकड़कर रोका। आप ने कहा कि बस मार्शलों की बहाली के लिए भाजपा विधायकों के सामने कैबिनेट नोट पास करने के बाद उस नोट को लेकर एलजी के पास सीएम आतिशी और आम आदमी पार्टी के मंत्री और विधायक गए थे।

## सचदेवा ने इसे आप की नौटंकी बताया

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि ये आप की नौटंकी है। जनता की अदालत लगाने से पहले केजरीवाल मार्शल की अदालत लगा लेते। आम आदमी पार्टी के ड्रामे से पहले ही हमने माननीय उपराज्यपाल से मार्शल की मुलाकात कर दी थी।



**दिल्ली में कैबिनेट प्रस्ताव पास होने के बाद एलजी के पास गए**

*भारद्वाज, आप विधायकों को हिरासत में लिया : इस दौरान भाजपा विधायकों ने भागने का पूरा प्रयास किया लेकिन मंत्री सौरभ भारद्वाज और आप नेताओं ने उन्हें भागने नहीं दिया। इस घटनाक्रम के बाद भारद्वाज, आप विधायकों और बस मार्शलों को राज निवास रोड से हिरासत में लिया गया।*

*आतिशी बोलीं भाजपा राजनीति कर रही : दिल्ली की सीएम आतिशी ने कहा कि भाजपा विधायकों ने शुक्रवार को मुझसे मिलने का समय मांगा था, हमने उनसे मुलाकात की और उन्हें इस मुद्दे के बारे में समझाया कि यह एलजी के अधीन आने वाले सेवा मामलों के अंतर्गत आता है, लेकिन भाजपा की पोल खुल गई, क्योंकि हमारी पूरी कैबिनेट वहां थी। भाजपा को एलजी से उन मामलों पर निर्णय लेने के लिए कहना चाहिए जो उनके अधीन आते हैं, लेकिन भाजपा राजनीति कर रही है।*

# नरसिंहानंद का विवादित बयान, एफ़आईआर दर्ज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के ग़ाज़ियाबाद के डासना शिवशक्ति धाम के महंत और जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद की पैगंबर मोहम्मद के ख़िलाफ़ विवादित टिप्पणी पर यूपी और महाराष्ट्र में प्रदर्शन हुए हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में यति नरसिंहानंद पैगंबर मोहम्मद के ख़िलाफ़ 'आपत्तिजनक' बयान देते दिख रहे हैं। यति नरसिंहानंद के बयान के ख़िलाफ़ यूपी के गाज़ियाबाद और बुलंदशहर में लोगों ने सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किए।

**यूपी और महाराष्ट्र में सड़कों पर उतरे लोग**

पुलिस ने कहा है कि बुलंदशहर के सिकंदराबाद में लोगों ने पुलिसवालों पर पथराव भी किया। वहीं महाराष्ट्र के अमरावती में शुक्रवार को यति नरसिंहानंद के बयान का विरोध कर रहे लोगों ने भी पुलिस पर पथराव किया। यूपी की गाज़ियाबाद पुलिस ने इस मामले में यति नरसिंहानंद के ख़िलाफ़ एफआईआर दर्ज की है। एफआईआर में नरसिंहानंद पर सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाला बयान देने का आरोप लगाया गया है।

# शिमला की विवादित मस्जिद की 3 मंजिलों पर चलेगा बुलडोजर

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में शिमला के संजौली की मस्जिद में अवैध निर्माण को लेकर नगर निगम के कमीश्नर की कोर्ट में शनिवार को अहम सुनवाई हुई। शनिवार को दिन में दो बार अलग अलग समय पर मामले पर कोर्ट ने सभी पक्षों की दलीलें सुनी और पाया कि संजौली मस्जिद की तीन मंजिल अवैध हैं और ऐसे में उन्हें गिराया जाएगा। निगम की कमीश्नर कोर्ट ने दूसरी, तीसरी और चौथी मंजिल गिराने के आदेश दिए हैं। बचे हुए हिस्से को लेकर अब 21 दिसंबर को सुनवाई की जाएगी। कोर्ट ने तीन मंजिलों में मस्जिद के अवैध हिस्से को गिराने के आदेश दिए हैं। कोर्ट ने इस मामले पर करीब ढाई घंटे तक सुनवाई की और फिर अपने आदेश जारी किए। उधर, मस्जिद कमेटी को खुद गिराना होगा और वक्फ बोर्ड के वकील बीएस ठाकुर ने कहा कि पूरा आदेश पढ़ने के बाद आगामी फैसला लिया जाएगा। ऐसे में माना जा सकता है बोर्ड हाईकोर्ट का रुख कर सकता है। दरअसल, संजौली की मस्जिद में अवैध निर्माण को लेकर नगर निगम के कमीश्नर की कोर्ट में शनिवार को 46वीं बार अहम सुनवाई हुई।

**हिंदू पक्ष को मिली बड़ी जीत**



# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी






हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

अबूझमाड़ में सत्ता रही जहां पहुंचविहीन क्षेत्र होने के कारण कई बार फोर्स को भारी क्षति का सामना करना पड़ा था। गुरूवार से लेकर शनिवार को लौटने तक लगभग 50 घंटे की इस मुठभेड़ और लड़ाई में जवानों ने अभूतपर्व साहस और शौर्य का परिचय दिया। जवानों को लगातार कई घंटों तक भूखे प्यासे नदी, नाले, पहाड़ पार करना पड़ा। साहस, शौर्य और जुनून के इस कठिन सफर में अमावस की रात में बारिश और उमस ने भी जवानों के हौसले को पस्त होने नहीं दिया। एक ही लक्ष्य था जहां मौजूद हैं बड़े नक्सली नेता वहां तक पहुंचना और उन्हें खत्म करना। ▶▶ शेष पेज 2 पर

*पुलिस, नक्सली और छत्तीसगढ़ के साथ पूरा देश...इस आपरेशन को याद रखेंगे। नक्सलियों के खिलाफ अब तक सबसे सफल आपरेशन साबित हुआ। 31 नक्सलियों की डेड बॉडी रिकवर कर ली गईं। यह आपरेशन इसलिए भी ऐतिहासिक रहा क्योंकि 31 नक्सली मारे गए लेकिन एक भी जवान शहीद नहीं हुआ। फोर्स ने नक्सलियों की पूरी कंपनी को ही खत्म कर दिया। इसमें एक नक्सली कमांडर मारा गया, जो पांच राज्यों में मोस्ट वांटेड था। उस पर 25 लाख का इनाम था। 16 नक्सलियों पर कुल 1 करोड़ 30 लाख रुपए का इनाम घोषित किया जा चुका था। 15 की अभी शिनाख्त की जा रही है।*


हरिभूमि

अबूझमाड़ इलाके में फोर्स ने नक्सलियों को घेरा

बस्तर में बड़ा और ऐतिहासिक आपरेशन

मारे गए 30 नक्सली

मारे गिराए 29

## ये हथियार बरामद

- 01 नग LMG
- 04 नग AK 47
- 06 नग SLR
- 03 नग INSAS
- 2 नग रायफल 303

कई अन्य हथियार बरामद

## मैगी से मिटाई भूख

पचास घंटे तक जवान अपने मिशन में जुटे रहे। विपरीत हालातों में भी उन्होंने हौसला बनाए रखा। जवानों को भूख मिटाने के लिए मैगी जैसे खाने का सामान का उपयोग करना पड़ा। सैंकड़ों जवानों के इस संयुक्त अभियान में बड़ी ▶▶ शेष पेज 2 पर



## आईजी-एसपी ने बताई कहानी

आईजी पी. सुंदरराज, एसपी दंतेवाड़ा गौरव राय तथा एसपी नारायणपुर प्रभात कुमार ने पत्रकारों को यह जानकारी देते बताया कि शव के पास से एलएमजी, एके 47, एसएलआर, इंसास 303 सहित अन्य हथियार बरामद किया गया है। पूर्वी बस्तर डिवीजन, पीएलजीए कंपनी 6, इंद्रावती एरिया कमिटी, प्लाटून 16 के शीर्ष नक्सलियों की सूचना पर पुलिस पार्टी निकली थी। संयुक्त टीम में दंतेवाड़ा डीआरजी, नारायणपुर डीआरजी और एसटीएफ शामिल थे। भारी बरसात में उफनते नदी नालों और माड़ की पहाड़ियों को पार कर नक्सलियों के गढ़ में बड़ी सफलता मिली है। एक घायल जवान को हेलीकाप्टर से रायपुर भेजा गया है।

## शौर्य को सलाम

*इस आपरेशन में मारा गया पांच राज्यों का मोस्ट वांटेड कमांडर, 1 करोड़ 30 लाख के इनामी नक्सली खत्म*

# अब तक... 31

# इससे बड़ा एनकाउंटर आज तक नहीं

### *इस साल मारे गए 188 नक्सली*

*पुलिस महानिरीक्षक सुन्दरराज पी. ने बताया कि प्रतिबंधित एवं गैर कानूनी सीपीआई माओवादी संगठन के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के उद्देश्य से स्थानीय जिला पुलिस बल, डीआरजी तथा केन्द्रीय अर्धसैनिक बलों द्वारा आपसी बेहतर तालमेल एवं रणनीति के साथ काम* ▶▶ शेष पेज 2 पर



## 18 पुरुष, 13 महिला नक्सलियों के शव बरामद

अबुझमाड़ के नेंदूर-थुलथुली के जंगल में नक्सलियों और सुरक्षा बलों के बीच हुई मुठभेड़ में डीकेएसजेडसी, डीवीसी, पीएलजीए कंपनी नंबर 6 कैडर सहित 18 पुरूष एवं 13 महिला कुल 31 सशस्त्र वर्दीधारी माओवादी मारे गए जिनका शव बरामद किया गया है। मुठभेड़ में बड़ी संख्या में नक्सलियों के घायल होने की संभावना जताई गई है। मारे गए नक्सलियों में 25 लाख का इनामी डीकेएसजेडसी एवं पूर्वी बस्तर इंचार्ज नीति उर्फ उर्मिला शामिल है। 15 शिनाख्ती में 2 कैडर 8 लाख इनामी डीबीसीएम एवं 9 कैडर पीएलजीए कंपनी 6 शामिल है शेष की शिनाख्ती कार्यवाही जारी है।

## 16 नक्सलियों पर 1 करोड़ 30 लाख का इनाम, बाकी की पहचान की जाएगी





## कई राज्यों के बड़े नक्सल लीडर ढेर

पुलिस महानिरीक्षक सुन्दरराज पी. ने बताया कि वर्ष 2024 में माओवादी संगठन के शीर्ष नेतृत्व को सुरक्षा बल द्वारा भारी क्षति पहुंचाई गई है। विगत 9 महीने में डीकेएसजेडसी जोगन्ना जिला पेद्दापल्ली, तेलंगाना, डीकेएसजेडसी रंधेर जिला वारंगल तेलंगाना, डीकेएसजेडसी रूपेश जिला गढ़चिरौली महाराष्ट्र, टीएससी मेम्बर सीआरसी 2 कमाण्डर सागर ▶▶ शेष पेज 2 पर

## साय ने शाह को दी नक्सली जानकारी, कल दिल्ली में आमने-सामने चर्चा





रायपुर। अबुझमाड़ में शुक्रवार को नक्सली मुठभेड़ में जवानों को मिली बड़ी सफलता के बाद केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पूरी घटना की जानकारी दी। मुख्यमंत्री अब रविवार को नई दिल्ली जा रहे हैं। दिल्ली में सोमवार को केंद्रीय गृहमंत्री से आपने-सामने मुलाकात करेंगे। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर-दंतेवाड़ा बॉर्डर पर पुलिस और ▶▶ शेष पेज 2 पर

## मारे गए नक्सलियों के नाम और पद

- नीति, DKSZC
- सुरेश सलाम, डीवीसीएम
- मीना माडकम, डीवीसीएम
- अर्जुन PPCM, पीएलजीए कंपनी 6
- सुंदर PPCM, पीएलजीए कंपनी 6
- बुधराम, PPCM पीएलजीए कंपनी 6
- सुक्कू, PPCM, पीएलजीए कंपनी 6
- सोहन, एसीएम, बारसूर एसी
- फूलो, PPCM, पीएलजीए कंपनी 6
- बसंती, PPCM, पीएलजीए कंपनी 6
- सोमे, PPCM, पीएलजीए कंपनी 6
- जमीला उर्फ बुधरी, PM, पीएलजीए कंपनी 6
- रामदेर, एसीएम
- सुकलू उर्फ विजय एसीएम
- जमली एसीएम
- सोनू कोर्राम, एसीएम अमदेयी

# नक्सलियों ने जन अदालत लगाकर दो युवकों को उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

बीजापुर जिला अंतर्गत गंगालुर के सावनार इलाके में नक्सलियों ने पुलिस मुखबिरी के आरोप में दो युवकों की हत्या कर दी है। वहीं दर्जन भर से अधिक ग्रामीणों की पिटाई करने के बाद उन्हें छोड़ दिया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दो दिन पहले गंगालुर थाना क्षेत्र के सावनार पटेलपारा से नक्सली 20 से 25 ग्रामीणों को अगवा कर जंगल ले गए थे। वहां नक्सलियों ने जन अदालत लगाकर सभी का मोबाइल छीना और कुछ ग्रामीणों की बेदम पिटाई कर उन्हें छोड़ दिया, लेकिन शुक्रवार की रात नक्सलियों ने कामेश्वर कुरसम उर्फ मोटू कुरसम पिता मंगू कुरसम (25), निवासी पटेलपारा सावनार व अर्जुन पुनेम पिता सोमलु पुनेम (24), निवासी पटेलपारा सावनार को पुलिस का मुखबिर बताते हुए उनकी जन अदालत में निर्मम हत्या कर दी। सूत्रों के मुताबिक मृत युवकों का शव परिजन घर ले गए है। खबर लिखे जाने तक घटना की रिपोर्ट दर्ज नहीं होने से आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है।



### पहले भी कर चुके हत्या

ज्ञात हो कि इससे पहले भी नक्सलियों ने भैरमगढ़ क्षेत्र के जप्पेमरका में जनअदालत लगाकर दो ग्रामीणों की हत्या कर दी थी। वहीं जैगुर में एक ग्रामीण सीतु माड़वी की नक्सलियों ने जन अदालत में हत्या की थी। गंगालुर इलाके के गायतापारा सावनार में नक्सलियों ने बुजुर्ग लांचा पुनेम की हत्या कर दी थी।

## कुलदेवता के सामने अधेड़ ने काटी गर्दन, मौत

**धरसींवा।** धरसींवा के निनवा गांव में रहने वाले 55 वर्षीय भुनेश्वर यादव ने अपने कुल देवता के सामने ही अपनी गर्दन कैंची से काटकर जान दे दी। हालांकि क्षेत्र में इसको लेकर बलि दिए जाने की अफवाह फैल गई थी।



मृतक गांव में ही परिवार के साथ मजदूरी कर जीवन यापन करता था। उसके दो बेटे हैं, जिसमें एक बेटे का विवाह भी हो चुका है। धरसीवां थाना प्रभारी राजेन्द्र दिवान ने बताया कि पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू का दी है। ग्रामीणों के अनुसार आर्थिक तंगी के कारण पिछले साल भी नवरात्रि में उसने कीटनाशक दवा का सेवन कर आत्महत्या की कोशिश की थी। यह घटना शनिवार सुबह करीब 11 बजे की बताई जा रही है।

**किसानों की मेहनत पर डाका** राज्य के कई इलाकों में पेनिकल माइट मकड़ी

# धान की फसल पकी और मकड़ी का हमला, चूहे भी

- पेनिकल माइट सूक्ष्म मकड़ी है, जिसे नग्न आंखों से देखा नहीं जा सकता है
- यह धान में गभोट के समय बालियों से रस चूस लेती



### इन किस्मों में ज्यादा शिकायत

कृषि विज्ञान केंद्र के विज्ञानी विजय जैन बतातें हैं कि पेनिकल माइट का प्रकोप कर्मा मासूरी, सांभा (बीपीटी 5204), स्वर्णा, महामाया, एमटीयू 1001 एवं एचएमटी जैसी किस्मों पर ही होता था, लेकिन खरीफ तथा रबी धान किस्म एमटीयू 1010, ओम-3, बाहुबली, संकर किस्मों, संकर बीजोत्पादन किस्मों में भी अब देखा जा रहा है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई/धमतरी

इस साल अच्छी बारिश की वजह से खेतों में खरीफ धान फसल लहलहा रही है, लेकिन पेनिकल माइट मकड़ी के हमले ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। यह बीमारी पूरे प्रदेश में फैल गई है। छत्तीसगढ़ में 48.63 लाख हेक्टेयर पर धान सहित विभिन्न फसलें ली जा रही है, जिसमें धान की फसल 39.26 लाख हेक्टेयर में है। चार लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में अरली वेरायटी की फसल तैयार हो चुकी है। स ताहभर के भीतर अरली वेरायटी की धान फसल की कटाई भी शुरू हो जाएगी, लेकिन इस बीमारी से धान की पैदावारी प्रभावित हो सकती है।

कृषि विज्ञानी के मुताबिक अत्यधिक प्रकोप होने पर फसल में प्रति एकड़ एक से आठ क्विंटल तक नुकसान होता है, पेनिकल ▶▶ शेष पेज 2 पर



### 15 नवंबर से होनी है धान खरीदी

प्रदेश सरकार 15 नवंबर से किसानों की धान खरीदने जा रही है। खाद्य समिति ने बैठक में निर्णय लेकर इसका प्रस्ताव केबिनेट में भेजा है। इसी के साथ ही इस मुद्दे पर प्रदेश की सियासी हलचल भी तेज हो गई है। कांग्रेस एक नवंबर से धान खरीदी की मांग करने लगी है। प्रदेश सरकार का तर्क है कि 1 नवंबर पर दिवाली और उसके बाद गोवर्धन पूजा, भाईदूज व मातर पर्व है। त्योहार का माहौल रहेगा, इसलिए धान खरीदी 15 नवंबर रखा गया है।

### *निगरानी जरूरी*

*स्वर्णा, सांभा जैसी वेरायटी के धान में माहो का प्रकोप काफी जल्दी होता है। गभोट की अवस्था में सतत निगरानी की आवश्यकता है जहां पर माहो का प्रकोप शुरू हो गया है, उन फसलों पर भी आसानी से प्रकोप नहीं कटता है। लगातार खेतों में कीट प्रकोप पर नजर बनाए रखें। माहो के पायमेट्रोजिन, तना छेदक के लिए बाइफेनथ्रीन, जैसी दवा का छिड़काव करें।*

*- डॉ. शक्ति वर्मा, कीट विशेषज्ञ कृषि विज्ञान केंद्र*






**फिलिस्तीन के एक हिस्से गाजा पट्टी में सक्रिय आतंकी गुट हमास के इजराइल में उत्सव मना रहे बेकसूरों पर हमले के प्रतिशोध में सबक सिखाने के लिए इजराइल द्वारा शुरू जंग जब लेबनान स्थित चरमपंथी गुट हिज्बुल्ला के कमांडरों व गुट को खत्म करने व यमन के हूती विद्रोहियों के खिलाफ लड़ाई में तब्दील हुई, तो ईरान ने अपने प्यादे के समर्थन में इजराइल पर 181 बैलेस्टिक मिसाइलें दाग कर सीधी जंग का आगाज कर दिया। इसके बाद से मध्य पूर्व में तनाव बढ़ता दिख रहा है। अभी प्रतिक्रिया स्वरूप इजराइल ने ईरान पर जबावी एक्शन नहीं लिया है, लेकिन वह चुप बैठने वाला देश नहीं है, प्रतिक्रिया जरूर करेगा, पर कब व कैसे इस पर विचार जरूर है। इजराइल अगर ईरान पर हमला करता है और अमेरिका इजराइल के पक्ष में कूदता है तो चीन, रूस के ईरान के पक्ष में आने की आशंका है, ऐसे में विश्व ख्रुद्ध छिड़ने की संभावना बढ़ जाएगी। ईरान के सर्वोच्च लीडर खामनेई जैसे इजराइल के खिलाफ मुस्लिम देशों को एकजुट होने का आह्वान किया है, उससे इजराइल के आतंकी गुटों के खिलाफ जंग को इस्लाम बनाम यहूदी जंग में बदलने की कोशिश प्रतीत होती है। पश्चिम एशिया में अस्तित्व के लिए संघर्षरत इजराइल की ईरान से युद्ध की आशंका पर आजकल का यह अंक...**

# जंग की ओर ईरान-इजराइल की दुश्मनी





पश्चिम एशिया
प्रभात कुमार रॉय
विदेश मामलों के जानकार

**अयातुल्ला खामनेई की तक़रीर स्पष्ट तौर पर इंगित कर रही है कि इजराइल और ईरान के मध्य सैन्य संघर्ष और अधिक तेजी के साथ आगे बढ़ेगा। अयातुल्ला ने कहा है कि दुनिया के तमाम मुल्कों के मुसलमानों को अपने समस्त मतभेदों को विस्मृत करके अब अमेरिका और इजराइल के विरुद्ध एकजुट हो जाना चाहिए। अपनी तक़रीर में अयातुल्ला ने आगे कहा कि इजराइल एक शैतानी सत्ता है, जिसकी कोई बुनियाद नहीं है। अमेरिका की मदद से ही इजराइल कायम है और वह ज्यादा वक्त तक टिक नहीं पाएगा। इजराइल पर किसी भी वक्त आक्रमण अंजाम देने के समस्त अधिकार उन्होंने ईरान की सेना को सौंप दिए हैं।**

ईरान के सर्वोच्च लीडर अयातुल्ला सैयद अली खामनेई ने तेहरान की मस्जिद में शुक्रवार की नमाज के पश्चात तक़रीर करते हुए अमेरिका और इजराइल को ललकारा है। अयातुल्ला खामनेई की तक़रीर स्पष्ट तौर पर इंगित कर रही है कि इजराइल और ईरान के मध्य सैन्य संघर्ष और अधिक तेजी के साथ आगे बढ़ेगा। अयातुल्ला ने कहा है कि दुनिया के तमाम मुल्कों के मुसलमानों को अपने समस्त मतभेदों को विस्मृत करके अब अमेरिका और इजराइल के विरुद्ध एकजुट हो जाना चाहिए। अपनी तक़रीर में अयातुल्ला ने आगे कहा कि इजराइल एक शैतानी सत्ता है, जिसकी कोई बुनियाद नहीं है। अमेरिका की मदद से ही इजराइल कायम है और वह ज्यादा वक्त तक टिक नहीं पाएगा। इजराइल पर किसी भी वक्त आक्रमण अंजाम देने के समस्त अधिकार उन्होंने ईरान की सेना को सौंप दिए हैं। तेहरान की मस्जिद में एकत्र हुए लाखों ईरानियों के समक्ष तक़रीर करते हुए पश्चिमी मीडिया द्वारा फैलाई जा रही इस अफवाह पर भी अयातुल्ला खामनेई ने लगाम लगा दी, जिसके तहत बताया गया था कि वह अपनी सुरक्षा के लिए किसी बंकर में जाकर छुप गए हैं।

## अमेरिकी राष्ट्रपति को खत लिखा

7 अक्टूबर 2023 को हमास और इजराइल के मध्य संघर्ष प्रारंभ हुआ था। हमास तंजीम द्वारा सीधे हमला करके लगभग 1200 इजराइली नागरिकों का कत्ल कर दिया गया था और तकरीबन 300 इजराइलियों को अगवा कर लिया गया था। हमास के इस आक्रमण का प्रतिशोध लेने के लिए प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की हुकूमत ने हमास के गढ़ ग़ाज़ा में अनेक हमले अंजाम दिए हैं। इजराइली सैन्य हमले में ग़ाज़ा पट्टी में तकरीबन 40 हजार से अधिक लोग मारे गए हैं। ग़ाजा में हमले के बारे में ग़ाजा में कार्यरत रहे सौ से अधिक अमेरिकन डॉक्टरों ने अमेरिका के राष्ट्रपति को एक खत लिखा है। इस ख़त में लिखा है कि गाजा में अमेरिका के हथियारों से बेगुनाह महिलाओं और बच्चों का निर्मम कत्ल अंजाम दिया जा रहा है। लोकतंत्र और मानवाधिकारों की दुहाई देने वाले अमेरिका के लिए इजराइल की हिमायत करना एक बड़ा दुर्भाग्यपूर्ण कार्य है। सैन्य संघर्ष प्रारंभ होने के तकरीबन एक साल पश्चात ईरान द्वारा इजराइल की सरजमीं पर एक अक्टूबर 2024 को 181 सुपरसोनिक मिसाइल दाग दी गईं। अयातुल्ला ख़ामेनेई ने इस जंग को एक खतरनाक मोड़ तक पहुंचा दिया है।

ईरान के शिया नेता अयातुल्लाह खामनेई अब हमास बनाम इजराइल जंग को मुसलमान बनाम यहूदी जंग का खतरनाक आयाम प्रदान करने की कोशिश कर रहे हैं, इसलिए मुस्लिम वर्ल्ड के देशों से इजराइल के खिलाफ एकजुट होने की अपील कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि अप्रैल 2024 को भी ईरान द्वारा इजराइल पर 110 मिसाइलें दागी गई थीं। लेकिन अप्रैल के आक्रमण से पहले सारी दुनिया को ईरान द्वारा बाकायदा चेता दिया गया था कि सीरिया में ईरानी दूतावास पर हुए इजराइली हमले का जवाब देने के लिए ईरान द्वारा हमला अंजाम दिया जाएगा। दागी गईं ईरानी मिसाइलों के प्रतिशोध में इजराइल ने ईरान के विरुद्ध तो कोई सैन्य कदम नहीं उठाया था, लेकिन लेबनान में हिजबुल्ला तंजीम के ठिकानों पर अपने आक्रमणों को तेज कर दिया। ईरान समर्थित हिजबुल्ला तंजीम लेबनान में तकरीबन अपने एक लाख जिहादियों के साथ विद्यमान है। ग़ाज़ा में हमास के विरुद्ध इजराइली आक्रमण शुरू होने के साथ ही साथ हिजबुल्ला ने उत्तरी इजराइल पर हमले अंजाम देना शुरू कर दिया था। हाल ही में इजराइल के लड़ाकू विमानों द्वारा हिजबुल्लाह के कमांडर इन चीफ नसरल्लाह को हलाक़ कर दिया गया। यक्ष प्रश्न है कि एक अक्टूबर को ईरान द्वारा इजराइल पर दागी गईं सुपरसोनिक मिसाइलों का प्रति उत्तर देने के लिए अब इजराइल की हुकूमत क्या कदम उठाएगी। अमेरिका कदापि नहीं चाहता है कि इजराइल और ईरान में कोई सीधा और बड़ा युद्ध प्रारंभ हो जाए और जिसमें इजराइल की हिमायत में अमेरिका को भी उतरना पड़ जाए।

## इजराइल की सैन्य शक्ति के पीछे कौन

सभी जानते हैं कि इजराइल वस्तुतः अमेरिका की रणनीतिक सहमति के बिना ईरान के विरुद्ध कोई बड़ा सैन्य कदम नहीं उठा सकता। रूस-यूक्रेन युद्ध में संलग्न अमेरिका नहीं चाहता कि मध्य पूर्व में उसके लिए कोई नया सैन्य मोर्चा खुल जाए।

## जंग की चपेट में आएंगे मध्य पूर्व के देश

मध्य पूर्व में अनेक अरब देश हैं, जिसमें सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन, ओमान, कुवैत, कतर आदि हैं, जोकि अमेरिका के निकट सहयोगी देश रहे हैं। इन देशों के शासक भले ही अमेरिका के साथ रहे हैं, लेकिन इन देशों का जनमानस इजराइल के विरुद्ध फिलिस्तीनियों के पक्ष में खड़ा है। अमेरिकन कूटनीतिज्ञ बखूबी जानते हैं कि इजराइल और ईरान के बीच बड़ी जंग अंजाम दी गई तो फिर ये जंग पूरे मध्य पूर्व के देशों को अपनी चपेट में ले सकती है और फिर उसके सहयोगी अरब राष्ट्रों में शासक अमीर शेखों का तख्ता पलट भी संभव हो सकता है। इजराइल की आंतरिक राजनीति के अंदर अपने प्रबल विरोध के चलते प्रधानमंत्री नेतन्याहू चाहते हैं कि यह जंग और अधिक विस्तार ले ले। नेतन्याहू पहले ग़ाज़ा में हमास तंजीम को खत्म करने पर आमादा रहे। फिलीस्तीन मुक्ति मोर्चा अर्थात पीएलओ के विरुद्ध हमास तंजीम का निर्माण करने में नेतन्याहू की विशिष्ट भूमिका रही थी। इसके बाद वेस्ट बैंक में पीएलओ को और फिर लेबनान में हिज्बुल्लाह तंजीम को खत्म करने के लिए इजराइल ने धावा बोल दिया। युद्ध उन्माद से त्रस्त रहे नेतन्याहू ने अमेरिका द्वारा पेश की गई युद्ध विराम की सलाह को कदाचित स्वीकार नहीं किया है। अमेरिका जानता था कि अपनी साख बचाने के लिए ईरान यकीनन इजराइल पर हमला अंजाम देगा।

## अमेरिका की इजराइल को सैन्य मदद जारी

अमेरिका ने इस बीच इजराइल को प्रदान की जाने वाली सैन्य सहायता रोक देने की भी बात रखी थी, किंतु इस पर अमेरिका ने ही अमल नहीं किया। आने वाले भविष्य में यदि ईरान और इजराइल के मध्य एक बड़ी जंग अंजाम दी जाती है तो फिर इस जंग का मध्य पूर्व में विस्तार होने से कोई शक्ति रोक नहीं सकेगी। यदि इजराइल को महाशक्ति अमेरिका की सरपरस्ती हासिल रही तो फिर ईरान को भी रूस और चीन दोनों महाशक्तियों की सरपरस्ती हासिल होगी। ईरान की इजराइल पर मिसाइल हमले को अत्यधिक गंभीरता से लिया जाना चाहिए। क्योंकि इजराइल के विरुद्ध ईरान की जंग भारत के लिए भी एक विकट चुनौती सिद्ध हो सकती है। भारत के कूटनीतिक ताल्लुकात दोनों देशों ईरान और इजराइल के साथ बहुत ही अच्छे रहे हैं। ईरान भारत को तेल के आपूर्ति करने वाले शीर्ष देशों में एक देश रहा है। ईरान के परमाणु कार्यक्रम के कारणवश आयद किए गए अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के बावजूद भारत ने ईरान के साथ अपने संबंधों को कूटनीतिक तौर पर अत्यंत संतुलित बनाए रखा है।

हाल ही में जब ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की हेलीकॉप्टर हादसे में अचानक मौत हो गई, तब भी भारत सरकार ने देश में एक दिवसीय राष्ट्रीय शोक का ऐलान किया था। वर्ष 1992 में भारत के कूटनीतिक संबंध इजराइल के साथ स्थापित हो गए थे। विगत दो दशकों में दोनों देशों के मध्य परस्पर ताल्लुकात बेहद मजबूत हो गए हैं। इजराइल वस्तुतः भारत को आधुनिकतम हथियार और तकनीकी सहायता प्रदान करने वाले देशों में शीर्ष देश रहा है।

## भारत के लिए कूटनीतिक संतुलन बनाना जरूरी

दोनों देशों ईरान और इजराइल के मध्य कूटनीतिक संतुलन बनाए रखना भारत के लिए बहुत बड़ी चुनौती सिद्ध हो रहा है। ईरान और इजराइल के मध्य यदि जंग छिड़ जाती है तो फिर दुनिया में तेल का विकट संकट उपस्थित हो जाएगा और भारत भी यकीनन इसका शिकार हो जाएगा। ईरान का चाबहार बंदरगाह सामरिक दृष्टि से भारत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस बंदरगाह की मदद से भारत को अफगानिस्तान और मध्य एशिया के साथ व्यापार करने में पाकिस्तान के मार्ग से होकर नहीं गुजरना पड़ेगा। सन् 2015 में भारत और ईरान ने चाबहार बंदरगाह के विकास के लिए हाथ मिलाए थे। ईरान और इजराइल के मध्य यदि युद्ध शुरू हो जाता है तो ईरान की प्राथमिकता चाबहार जैसे प्रोजेक्ट से हटकर युद्ध पर केंद्रित हो जाएगी। दुर्भाग्य से ईरान बनाम इजराइल युद्ध का विस्तार अगर मध्य पूर्व में हो जाएगा तो वहां पर कार्यरत 90 लाख भारतीयों पर इसका नकारात्मक असर होगा। उनको मध्य पूर्व के देशों से निकालकर भारत में पुनर्वास करना होगा।

## परवान चढ़ सकता है इस्लामिक जिहाद


हाल ही में अयातुल्ला खामनेई ने दुनिया के तमाम मुसलमानों से इजराइल और अमेरिका के विरुद्ध एकजुट होने का आह्वान किया है। अयातुल्ला खामनेई का यह आह्वान यदि वास्तव में असरदार सिद्ध हो गया तो फिर से इस्लामिक जिहाद के नाम पर ओसामा बिन लादेन, अल जवाहिरी और अल बगदादी सरीखे अनेक आतंकवादी सरगना उठ खड़े होंगे। इतिहास फिर से एक बार अमेरिका को इस ऐतिहासिक ख़ता के लिए तोहमत देगा कि अमेरिका ने इजराइल को मर्यादा में न रखकर फिर से विश्व पटल पर इस्लामिक जिहाद को परवान चढ़ा दिया। उल्लेखनीय है कि अफगानिस्तान में सोवियत संघ के विरुद्ध जंग करते हुए अमेरिका द्वारा ओसामा बिन लादेन की क़यादत में लाखों जिहादियों की तरबीयत और परवरिश अंजाम दी गई थी। जिसका नतीजा वस्तुतः वैश्विक जिहाद के रूप में सारी दुनिया को भुगतना पड़ा। जिहाद के हाथों अमेरिका ने भी बहुत गहरे जख्म खाए थे। इस्लामी जिहाद के विरुद्ध भारत भी सन् 1989 से कश्मीर में निरंतर जूझ रहा है। रूस-यूक्रेन युद्ध की तरह से ही भारत को संभावित इजराइल-ईरान जंग को प्रारंभ नहीं होने देने की कोशिश करते रहना चाहिए। दोनों देश ही भारत के निकट मित्र देश रहे हैं। भारत की वाणी अवश्य समझी और सुनी जाएगी। भारत का संदेश है युद्ध समस्या का हल नहीं है, आतंकवाद सबके दुश्मन हैं।

# विश्वयुद्ध की ओर सरकता मध्य-पूर्व



इजराइल-ईरान
रहीस सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

इजराइल सीधे ईरान द्वारा 181 बैलेस्टिक मिसाइलें दागनने के बाद 4 अक्टूबर को जब ईरान के धार्मिक नेता अयातुल्लाह अली खामनेई करीब चार वर्ष बाद जब सार्वजनिक मंच पर आए तो उन्होंने इस्लामी देशों को संदेश देने के उद्देश्य से दो बातें कहीं, पहली यह कि ईरान के दुश्मन वही हैं जो फलस्तीनी प्रशासन और लेबनान समेत दूसरे मुस्लिम देशों के भी दुश्मन हैं। यानि अब वे शिया और सुन्नी के बीच स्पष्ट हो चुकी विभाजक रेखा को मिटाना चाहते हैं। हालांकि विभाजक रेखा अब खाईं का रूप ले चुकी है इसलिए इसे पाट पाना नामुमकिन सा है। उन्होंने जो दूसरी बात कही वह यह कि हमारे सशस्त्र बलों ने जो किया वह 'डॉक्ट्रिन ऑफ लैप्स' की नीति रखने वाले जायनिस्ट शासन के चौंका देने वाले अपराधों के लिए कम से कम सजा थी। इस तरह से उन्होंने इजराइल के खिलाफ अपनी प्रतिक्रिया को वैध और उचित ठहराया। उधर हिजबुल्ला ने इजराइल के खिलाफ अपनी लड़ाई जारी रखने की प्रतिज्ञा लेते हुए स्पष्ट किया है कि गज़ा, फिलिस्तीन और लेबनान तथा उसके लोगों की रक्षा के लिए वो लगातार समर्थन करता रहेगा। जबकि इजराइली डिफ़ेंस फ़ोर्सेस (आईडीएफ़) की तरफ से कहा गया है कि "हमारी जंग लेबनान के लोगों से नहीं बल्कि हिज़्बुल्लाह से है।' इससे यह नहीं दिखता कि अभी भी प्रॉक्सी युद्ध की संभावनाएं अधिक हैं क्योंकि ईरान और इजराइल सधा हुआ युद्ध लड़ना चाहते हैं अथवा वे युद्ध के साथ बचने के रास्ते भी तलाश रहे हैं? तब क्या इस निष्कर्ष पर पहुंचना थोड़ी जल्दबाजी होगी कि मध्य-पूर्व का टकराव तीसरे विश्वयुद्ध में बदल सकता है ? पिछले दिनों इजराइली प्रधानमंत्री ने यूएन जनरल असेंबली में कहा था कि लक्ष्य पूरा होने तक हमले जारी रहेंगे। दूसरी तरफ ईरान के विषय में अभी यह पूरी तरह से तय नहीं है कि वह सीधे लड़ेगा अथवा प्रॉक्सी युद्ध को ताकत देगा। हालांकि उसका सीधे लड़ना मुश्किल होगा क्योंकि सैन्य इनवेजन के जरिए वह लड़ नहीं सकता और हवाई युद्ध में वह इस्राइल के सामने टिक नहीं पाएगा। ऐसी स्थिति में अभी किन्हीं परिणामों तक पहुंचना जल्दबाजी होगी। दूसरी तरफ इजराइल को लें, तो सवाल यह उठता है कि उसका असली दुश्मन कौन है? असली दुश्मन हिजबुल्ला और हमास नहीं हैं बल्कि ईरान है। जैसा कि कभी इजराइली प्रधानमंत्री बेनेट कह चुके हैं कि तेहरान ऑक्टोपस का सिर है, तो लेबनान में हिजबुल्ला, गाजा में हमास और यमन में हूती उसके हाथ हैं। तो ऐसा तो नहीं है कि ईरान के प्रॉक्सी से निरंतर युद्ध करके इजराइल खुद को थका डालने का रिस्क ले रहा है? वैसे इजराइल ने दक्षिणी लेबनान में सैन्य इनवेजन शुरू कर दिया है, यह संभवतः उसे हित में नहीं होगा। ठीक वैसे ही जैसे कि वियतनाम युद्ध अमेरिका के हित में नहीं रहा था। हालांकि इजराइल एयर स्ट्राइक्स को हिजबुल्ला के रॉकेट और मिलिट्री स्टैब्लिशमेंट को ध्वस्त करना जरूरी मानता है, जो है भी क्योंकि हिजबुल्ला लेबनानी नागरिकों को 'ह्यूमन शील्ड' की तरह इस्तेमाल कर रहा है। वह अपने मिसाइल और रॉकेट्स को इनके यहां छुपा कर अटैक करता है। लेकिन ईरान इसे इजराइल द्वारा किया गया 'मास मर्डर' मानता है जिसका बदला लेने के लिए वह प्रतिबद्ध है। वह इजराइल को कई



बार चेतावनी दे चुका है कि वह रेड लाइन क्रॉस कर चुका है। अब देखना यह है कि वह इजराइल के खिलाफ 'ऑल आउट वार' का चुनाव करता है या फिर प्रॉक्सी वॉर के जरिए ही आगे बढ़ेगा? यह सवाल बार-बार आता है कि युद्ध के नतीजे किसके पक्ष में जाएंगे ? प्रथमदृष्टया तो इजराइल उत्तर आता है। पिछले नतीजे देखें तो इजराइल ने डिफेंस स्ट्रैटेजी, रियल टाइम इंटेलिजेंस और रियल टाइम टारगेट, रणनीति के जरिए हमास और हिज्बुल्ला पर बड़ी विजय प्राप्त करने में सफलता पायी है। ध्यान रहे कि 1992 से 2006 के बीच नसरल्ला और हिजबुल्ला की प्रगति को देखते हुए इजराइल ने यह समझ लिया था कि हिज्बुल्ला को खत्म करना आसान नहीं है। इसलिए उसने हिज्बुल्ला को कमजोर करने के लिए उसके कमांडरों को मारने की रणनीति अपनाई। यह एक लंबी रणनीति थी जिसे आप 'मोइंग द ग्रास स्ट्रैटेजी' नाम दे सकते हैं। इजराइल सतत रूप से इस पर कार्य करता रहा जिसमें रियल टाइम इंटेलिजेंस ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसका सबसे महत्वपूर्ण उदाहरण पेजर बम है, जिसमें लगभग 3000 के आसपास हिजबुल्ला लड़ाके घायल हुए। इसी की वजह से इजराइल 'रियल टाइम टारगेट' रणनीति में सफल हुआ और 27 सितम्बर को बेरूत में बम गिराकर नसरल्ला को मारने में सफल रहा। दरअसल वर्ष 2006 में जब इजराइल-हिज्बुल्ला संघर्ष 34 दिन में संयुक्त राष्ट्र की मध्यस्थता कारण समाप्त हो गया। यद्यपि यह हिज्बुल्ला की जीत नहीं थी लेकिन हसन नसरल्ला एक मिलिट्री स्ट्रैटेजिस्ट के रूप में स्थापित कर ले गया। यहीं से इजराइल ने रणनीति बदली और हिज्बुल्ला के कमांडरों को मारने की रणनीति अपनायी। इसमें प्रमुख भूमिका निभायी सिग्नल इंटेलिजेंस यूनिट 8200 ने जिसने हिज्बुल्ला के मोबाइल फोन और अन्य संचार साधनों को पकड़ने के लिए साइबर टूल्स बनाए।

अब देखना होगा कि ईरान की फॉरवर्ड डिफेंस डॉक्ट्रिन और इजराइल की बेगन डॉक्ट्रिन में कौन सी ज्यादा बेहतर परिणाम लाएगी। 1979 की इस्लामी रिवोल्यूशन के बाद ईरान में स्थापित इस्लामी स्टैब्लिशमेंट ने इजराइल को 'इललेजिटीमेट जाइनिस्ट रेजीम' माना और उसके खिलाफ एक प्रॉक्सी युद्ध आरम्भ करने के लिए हिज्बुल्ला और हमास जैसे लड़का समूहों को स्थापित किया जो उसकी 'फारवर्ड डिफेंस डॉक्ट्रिन' का परिणाम थे। यह डॉक्ट्रिन कहती है कि आप अपनी पॉवर को बॉर्डर्स के बाहर कैसे इस्तेमाल करें, वह भी बिना प्रत्यक्ष युद्ध अथवा टकराव के। इसी दौर में ईरान ने न्यूक्लियर प्रोग्राम शुरू कर मध्य-पूर्व में न्यूक्लियर ताकत बनने की कोशिश की। इजराइल यह अच्छी तरह से जानता था ईरान यदि अपने इस मिशन में सफल हो गया तो वह इजराइल को बहुत नुकसान पहुंचाएगा। महत्वपूर्ण बात यह है कि सुन्नी दुनिया के देश भी यह नहीं चाहते थे कि ईरान एक न्यूक्लियर पॉवर बने। इसलिए इजराइल ने 'बेगन डॉक्ट्रिन' की शुरूआत की जिसका उद्देश्य था अपने आसपास के देशों में 'मॉस डिस्ट्रक्शन' यानि न्यूक्लियर हथियारों के निर्माण सम्बंधी गतिविधियों को रोकना। इस दृष्टि से ईरान और इजराइल दोनों ही अपने मकसद में कामयाब रहे। इसके बावजूद, इजराइल एक तरफ हिजबुल्ला, दूसरी तरफ हमास, और तीसरी तरफ हूती और ईरान से घिरा हुआ है। पहली तीनों शक्तियां इजराइल को लगातार टक्कर दे रही हैं। यह कुछ तालिबानियों जैसा ही है जिनके गुरु ने कभी कहा था कि हम अमेरिका को हरा नहीं सकते लेकिन थका सकते हैं। कमोमेश तालिबान जैसा स्ट्रक्चर हिजबुल्ला का भी है। यह बिखरा हुआ है लेकिन इसकी अपनी मिलिट्री स्ट्रेंथ है जो इजराइल से लम्बे समय तक लड़ सकती है। हम कह सकते हैं कि यह दुनिया का सबसे बड़ा नान स्टेट एक्टर है। इजराइल के लिए भी यह लड़ाई आसान नहीं होगी। अमेरिका कूदता है तो फिर संभव है कि लड़ाई विश्व युद्ध में बदल जाए।

# अस्तित्व की जंग लड़ रहा इजराइल



विश्लेषण
सुनील अमर
वरिष्ठ पत्रकार

लगभग एक साल पूर्व फिलिस्तीनी संगठन तथा गाजा पट्टी के शासक दल हमास द्वारा इजराइल पर किए गए जिस हमले को अंग्रेजी में 'कॉन्फ्लिक्ट' यानी झड़प बताया गया था आज वह एक ऐसे युद्ध की शक्ल ले चुका है जिसमें इजराइल अब कम से कम सात मोर्चों पर एक साथ लड़ रहा है। इस लड़ाई ने ऐसा राजनीतिक रुख अख्तियार कर लिया है जिसमें मध्यपूर्व और एशिया के कई देश यह तय नहीं कर पा रहे हैं कि वे किसकी तरफ रहें! यह लड़ाई नई नहीं है और ये दोनों देश अपने जन्म यानी सन् 1947 से ही लड़ रहे हैं।

## मुस्लिम देशों से घिरा है इजराइल

यह जानना दिलचस्प होगा कि युद्ध की हालत में भी अपने राजनीतिक और आर्थिक फायदों को ध्यान में रखते हुए तमाम देश किस तरह की भूमिका निभाते हैं। सीमाओं की बात करें तो इजराइल चारों तरफ से मुस्लिम देशों से घिरा हुआ है। पूर्व में जार्डन, उत्तर में लेबनान, उत्तर पूर्व में सीरिया, दक्षिण पश्चिम में मिस्र और झगड़े की जड़ कहे जाने वाले फिलिस्तीन के दो इलाके- दक्षिण पश्चिम में गाजा पट्टी तथा पूर्व में पश्चिमी तट नाम का क्षेत्र है। इन सभी सीमावर्ती देशों में सैन्य संगठनों के अलावा इस्लामिक मिलिशिया का भी जाल फैला हुआ है। गत वर्ष सात अक्टूबर को जब हमास ने हमला किया तो कारण यह बताया कि इजरायल ने उनके आदमियों को बन्धक बनाया हुआ है, सीमाओं को बन्द करके तमाम तरह की आपूर्ति बाधित कर रखी है, विवादों के निस्तारण को तय अन्तरराष्ट्रीय कानूनों को नहीं मान रहा है तथा गाजा पट्टी निवासियों के तमाम कष्टों का जिम्मेदार है। ध्यान रहे कि फिलिस्तीन गाजा पट्टी और पश्चिमी तट नामक दो हिस्सों में बंटा हुआ है जिसमें गाजा पट्टी में वर्ष 2007 से हमास का शासन है। इजरायल और हमास की अगर तुलना करें तो हमास की स्थिति मच्छर सरीखी है। अपने दुःखों और हालात से आजिज आकर दुनिया का ध्यान आकर्षित करने के लिए हमास ने इजराइल पर हमला तो कर दिया लेकिन इसकी बहुत बड़ी कीमत उसे चुकानी पड़ी है।

## वैश्विक संस्थाएं बनाएं दबाव

इस्लामिक बन्धुत्व के नाम पर जो देश उसकी तरफ से लड़ाई में शामिल हो गए हैं वे भी उसके मौजूदा कष्टों को दूर नहीं कर पाएंगे। इजराइल पर अन्तरराष्ट्रीय संस्थाएं ही दबाव बना सकती है लेकिन इन संस्थाओं में अमेरिका का दबदबा है और अमेरिका खुलकर इजराइल के साथ खड़ा है। गत दिनों उसने इजराइल को लगभग 2000 करोड़ रुपयों की सैन्य सहायता देने की घोषणा की है तथा ब्रिटेन और फ्रांस भी इजराइल के साथ हैं। सऊदी अरब के सुरक्षा सम्बन्धी समझौते इजरायल के साथ हैं, लेकिन मन से वह फिलिस्तीन के साथ है इसलिए कूटनीतिक तौर पर वह बहुत फूंक-फूंक कर कदम रख रहा है। क़तर यद्यपि बहुत छोटा सा देश है लेकिन वहां अमेरिका का बड़ा सैन्य अड्डा है, क़तर का भाईचारा ईरान के साथ है और इसने हमास के मारे गये नेता इस्माइल हेनियाह को अपने यहां शरण भी दे रखी थी। जार्डन की दशा भी कतर जैसी ही है। अमेरिका ने वहां अपना सैन्य अड्डा बना रखा



है जिस पर इसी साल जनवरी में ईरान समर्थित गुटों ने हमला कर तीन अमेरिकियों को मार दिया था। जार्डन भी किसी तरह अपना राजनीतिक तालमेल इजराइल से बनाए हुए है।

## हमास की तरफदारी

इजराइल का एक और पड़ोसी मिस्र है जिसने वर्ष 1979 से इजराइल के साथ मशहूर कैम्प डेविड शान्ति समझौते की सन्धि कर रखी है, लेकिन इधर फिलिस्तीन की वजह से सम्बन्ध निम्न स्तर पर आ गये हैं और मिस्र में जनता तथा विपक्ष ने हमास की तरफदारी की आवाज उठा रखी है। सीरिया और इराक एक समय में क्षेत्रीय शक्तियां रही हैं लेकिन वहां स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डों पर भी ईरान समर्थित समूहों ने दर्जनों बार हमला किया हुआ है। इजराइल का एक ताकतवर पड़ोसी तुर्की है लेकिन उससे भी सम्बन्ध ठीक नहीं हैं क्योंकि इसी साल जनवरी में तुर्की पुलिस ने 33 ऐसे लोगों को गिरफ्तार किया जिन पर इजराइली जासूसी संस्था मोसाद के लिए जासूसी करने का आरोप था। तुर्की ने कहा कि मोसाद के ये जासूस उसके देश में हमास के लोगों की तलाश कर रहे थे। दूसरी तरफ ईरान है। क्षेत्र में अपनी संप्रभुता तथा इस्लामिक बन्धुत्व का झंडा बुलन्द रखने के लिहाज से वह इस लड़ाई में शामिल होना अपना फ़र्ज समझता है। वैसे तो ईरान के साथ रूस, तुर्की, लेबनान, चीन और यमन हैं।

## ईरान को इन देशों का सहारा

जहां तक रूस की बात है तो पश्चिमी देशों खासकर अमेरिका के खिलाफ समान सोच रखने के कारण रूस और ईरान में दशकों से अच्छे सम्बन्ध हैं। इस संयोग में राजनीतिक दृष्टिकोण तलाशे जा सकते हैं कि रूसी प्रधानमन्त्री मिखाइल मिशुस्टिन के गत दिनों ईरान दौरे के बाद ही ईरान ने इजराइल पर मिसाइल हमला किया था। लेकिन दूसरी तरफ रूस इजरायल को भी साधे रखना चाहता है। रूस नहीं चाहता कि यूक्रेन से चल रही जंग में इजराइल यूक्रेन की मदद करने लगे। उधर, इजराइल भी रूस में रह रहे अपने यहूदी समुदाय की सुरक्षा के लिए रूस को नाराज नहीं करना चाहता। इजराइल से मौजूदा लड़ाई को लेकर लेबनान भी ईरान के साथ खड़ा है। वैसे भी लेबनान के सम्बन्ध इजरायल से हमेशा ही लड़ाई और तनातनी के रहे हैं। रूस जैसा ही मामला चीन का भी है। वैसे तो चीन के इजराइल के साथ व्यापारिक सम्बन्ध हैं लेकिन अमेरिका की वजह से चीन भी ईरान को अपने पाले में रखना चाहता है। ईरान के साथ यमन भी है जिसके हूती लड़ाकों ने इजराइल पर मिसाइली हमला जारी रखा है। इसी प्रकार वर्ष 1948 से ही इजराइल से अपनी लड़ाई को लेकर सीरिया स्वाभाविक ही ईरान के साथ है। संक्षेप में कहें तो एक ग्रुप है जिसका नाम है-एक्सिस ऑफ रेजिस्टेन्स जिसमें हमास, हिजबुल्लाह, सीरिया की सरकार, यमन के हूती विद्रोही तथा सीरिया और इराक के अन्य लड़ाकू समूह शामिल हैं जो ईरान पोषित हैं व वे इसकी मदद कर रहे हैं।

## भारत गुट निरपेक्ष की स्थिति में

भारत सरकार का अब तक का रवैया गुट निरपेक्ष वाला ही रहा है। भारत ने शुरू से ही दो राष्ट्र के सिद्धान्त पर फिलिस्तीन को मान्यता दे रखी है। इजराइल से भारत के सामरिक सम्बन्ध भी हैं तथा बहुत सारे भारतीय इजराइल में रहते भी हैं। ताजा हालात में भारत ने फिलिस्तीन को 70 टन राहत सामग्री और दवा आदि की सहायता भी दी है। इस युद्ध का एक और पहलू व्यवसाय का भी है जिसका लाभ हमेशा की तरह अमेरिका ले रहा है। रूस-यूक्रेन युद्ध में रूस पर लगे प्रतिबन्धों के बाद पश्चिम के देश गैस आदि के लिए अमेरिका पर आश्रित हुए हैं तो यूक्रेन व इजराइल को हथियार तथा राहत सामग्री पहुंचाने के नाम पर अमेरिका का धन्धा फल-फूल रहा है। विश्व में कहीं भी लड़ाई हो, अमेरिका उसमें अपना धन्धा तलाश ही लेता है। नासमझ देश तो बस लड़ने में व्यस्त हैं।

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




## 101 वर्षों की भक्ति का अनूठा सफर



**जात्र सहित नाटक, कहानियों का मंचन:** बंगाली समाज प्रतिवर्ष जात्रा का आयोजन भी करता है, जिसमें नाटक, पुरानी कहानियाँ आदि की प्रस्तुतियाँ दी जाती हैं। दुर्गा माता की पूजा-आराधना शारदीय नवरात्रि के षष्ठी दिन से शुरू होती है और नवमी तक जारी रहती है।

- 101 वर्षों से बंगाली समाज धूमधाम से मना रहा है दुर्गा उत्सव
- प्रतिमा बनाने 10 प्रकार की मिट्टी, जल व 7 प्रकार के तेल का उपयोग

# रेलगाड़ी से आई थी पहली प्रतिमा, पारंपरिक रीति-विधि से आज भी होती है माता की पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में शक्ति की भक्ति का इतिहास स्वर्णिम रहा है। आज, 101 वर्षों के बाद भी माता दुर्गा की आराधना उसी पारंपरिक रीति-विधि के साथ की जा रही है, जिसमें विशेष मनोयोग और श्रद्धा का समावेश है। यह अनूठा सफर 1924 में शुरू हुआ, जब कुछ बंगाली ⏭ शेष पेज 2 पर



### बंगाल के कारीगर बना रहे पंडाल

बंगाली एसोसिएशन के महासचिव देवाशीष लाल्टू घोष के अनुसार, पहले पंडाल तालपतरी से बनाए जाते थे, जिसमें एफसीआई और रेलवे का सहयोग होता था। इस वर्ष स्वामी विवेकानंद की जन्मस्थली की तर्ज पर पंडाल का निर्माण किया जा रहा है, जिसे बंगाल के कारीगर बना रहे हैं। मीना बाजार की सजावट से बच्चों के मनोरंजन का पूरा ध्यान रखा गया है।

### 1924 से 65 तक ट्रेन से आती रहीं प्रतिमाएं

रेलवे क्षेत्र के बंगाली स्कूल में 1924 से दुर्गा माता की आराधना का क्रम अनवरत जारी है। 101 वर्षों से, बंगाली एसोसिएशन के पदाधिकारी पीढ़ी-दर-पीढ़ी माता की सेवा कर रहे हैं। पहले प्रतिमा बनाने के कारीगर नहीं थे और 1965 तक प्रतिमाएँ कलकत्ता के कुमारटुली से रेलगाड़ी द्वारा लायी जाती थीं। टिकरापारा निवासी डॉ. पीआर बेनर्जी ने अपने घर में दुर्गा की स्थापना की और मूर्तियों के लिए कारीगरों को बुलाना शुरू किया, जिससे आस-पास के लोग भी प्रभावित हुए।

## 62 साल से मनाया जा रहा गोलबाजार का दुर्गा उत्सव





- बनता जा रहा ऐतिहासिक बड़े बदलाव के साथ इस साल भी हो रहा भव्य उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अपने धर्म और संस्कृति को अक्षुण्ण रखने के लिए शहर के बड़े बुजुर्गों ने गोल बाजार में दुर्गा पूजा का शुभारंभ किया था, जिसे आज की पीढ़ी निरंतर आगे बढ़ा रही है। समय के साथ इस आयोजन में भव्यता आ रही है। उत्सव को लेकर लोगों का उत्साह इतना बढ़ रहा है कि वे स्वयं आकर चंदा दे रहे हैं। हालांकि इस उत्सव को मनाते हुए शतक पार हो गया है, लेकिन लोगों को 62 साल की पूजा ही याद है। गोल बाजार दुर्गा उत्सव की ⏭ शेष पेज 2 पर

### चलायमान झांकियां आकर्षण का केंद्र

इसमें शिव, राधा-कृष्ण, और महाकाली का विराट रूप देखने को मिला। वरुण देव आसमान में उड़ते नजर आए। देवी के आगमन के समय राजस्थान का ऊंट आगे-आगे चल रहा था, जिसे देखने के लिए शहरवासी उमड़ पड़े। बच्चों के लिए तो ऊंट कौतूहल का विषय रहा।

### राज दरबार थीम में सजा है पंडाल

नवयुवक दुर्गा समिति गोल बाजार के अध्यक्ष अर्पित केशरवानी ने बताया कि हर साल अलग-अलग थीम में पंडाल सजाया जाता है। इस बार पंडाल राज दरबार थीम में सजाया गया है, जिसमें दो लाख रुपये की लाइटिंग कराई गई है। देवी के आगमन के समय धूमाल, मेरठ और रायपुर की आकर्षक झांकी देखने लायक रही।

### खुद टेंट लगाकर बैठाते थे प्रतिमा

अध्यक्ष श्री केशरवानी ने बताया कि गोल बाजार में इस उत्सव की शुरुआत करने वाले स्व. गोवर्धन लाल गुप्ता, स्व. मदनलाल, और स्व. संतलाल शुक्ला स्वयं अपने हाथों से टेंट तैयार कर दुर्गा की प्रतिमा बैठाते थे। उन दिनों शहर में कलाकार नहीं होते थे, इसलिए मूर्तियाँ महानगरों से ट्रेन द्वारा आती थीं। इनकी इस परंपरा को उनकी अगली पीढ़ी ने कुछ बदलाव कर आगे बढ़ाया और अन्य नए लोग भी जुड़ते गए। आज यह 20-25 लाख रुपये बजट वाली समिति बन गई है। समिति के सदस्यों सहित अन्य लोग खुलकर माता रानी के लिए पैसा देते हैं।


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### दो आतंकवादी ढेर, घुसपैठ की कोशिश नाकाम



**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों ने नियंत्रण रेखा के पास घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए दो आतंकवादियों को मार गिराया। सेना की श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने कहा, अभियान में सुरक्षा बलों ने दो आतंकवादियों को मार गिराया है। कोर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी।

### आतंकवाद मामले में कई राज्यों में एनआईए का छापा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण ने पाकिस्तान के आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के खिलाफ जांच के तहत शनिवार को देश के कई राज्यों में 22 स्थानों पर तलाशी ली। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, असम और दिल्ली में तलाशी अभियान जारी है।

### एग्जिट पोल के मुताबिक हरियाणा में 55 सीट तक हासिल कर सकती है कांग्रेस

# एग्जिट पोलः हरियाणा में भाजपा को झटका, जम्मू-कश्मीर में बहुमत लटका

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव की वोटिंग खत्म हो गई। वोटिंग खत्म होने के बाद एग्जिट पोल के नतीजे सामने आए। एग्जिट पोल के मुताबिक हरियाणा में भाजपा को झटका लग सकता है। वहां तीसरी बार भाजपा की सरकार बनते नहीं दिख रही। कांग्रेस वहां वापसी कर सकती है। करीब 9 एग्जिट पोल के आंकड़ों को देखें तो हरियाणा में पूर्ण बहुमत से कांग्रेस की सरकार बन सकती है। हरियाणा में 90 सीटें हैं। बहुमत के लिए 46 सीटों की जरूरत है। एग्जिट पोल कांग्रेस को 44 से 62 सीटें दे रहे हैं। सभी एग्जिट पोल का औसत देखें तो कांग्रेस 55 से ज्यादा सीटें हासिल कर सरकार बना सकती है।

वहीं जम्मू-कश्मीर में किसी भी पार्टी को बहुमत मिलता नहीं दिख रहा है। लेकिन कांग्रेस और नेशनल कान्फ्रेंस को बढ़त मिलती दिखती है। जम्मू-कश्मीर में भी 90 सीटें हैं और वहां भी बहुमत के लिए 46 सीटें चाहिए।

### जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस-नेशनल कान्फ्रेंस को बढ़त, बीजेपी को दूसरा स्थान



जम्मू में भाजपा का जलवा

हालांकि एग्जिट पोल निर्दलियों को भी 9 से 12 सीटें मिलने का अनुमान जता रहे हैं। जम्मू संभाग में एग्जिट पोल के मुताबिक भाजपा का जलवा है। वहीं, कांग्रेस करीब 15 सीटों तक सिमटी नजर आ रही है। वहीं, घाटी में एनसी का जलवा दिख रहा है। गौर है कि दोनों जगह 90-90 सीटें हैं और बहुमत का आंकड़ा 46-46 सीटें हैं। इन पोल के मुताबिक, दोनों जगहों पर फाइट किसी भी तरह से टाइट नहीं है। भाजपा को हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में मायूसी का सामना करना पड़ सकता है।

**हरियाणा** — कुल सीटें 90, बहुमत- 46



| संस्था | भाजपा | कांग्रेस | आईएनएलडी | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| रिपब्लिक मैट्रिज | 18-24 | 55-62 | 3-6 | 2-8 |
| सी वोटर्स | 20-28 | 50-58 | 00 | 10-14 |
| पीपुल्स पल्स | 20-32 | 49-61 | 2-3 | 3-6 |
| एनडीटीवी | 27 | 54 | 3 | 6 |

**जम्मू-कश्मीर** — कुल सीटें 90, बहुमत- 46



| संस्था | भाजपा | एनसी+ | पीडीपी | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| रिपब्लिक मैट्रिज | 25 | 27 | 28 | 7 |
| सी वोटर्स | 27-32 | 40-48 | 6-12 | 6-11 |
| पीपुल्स पल्स | 23-27 | 46-50 | 7-11 | 4-06 |
| एनडीटीवी | 27 | 42 | 7 | 0-14 |

### पीडीपी को सबसे बड़ा नुकसान

अनुच्छेद 370 हटने के बाद यहां जम्मू कश्मीर में पहली बार चुनाव हुए हैं। देश की निगाहें रिजल्ट पर बेसब्री से टिकी हैं। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए आजतक-सी वोटर के एग्जिट पोल के मुताबिक कांग्रेस और नेकां गठबंधन ब्लॉक को बड़ी बढ़त मिलती दिख रही है। वहीं, भाजपा की स्थिति भी स्थिर नजर आ रही है।


### हरियाणा में भाजपा को मायूसी

पीपुल्स पल्स के आंकड़े बता रहे हैं कि हरियाणा में भाजपा महज 20 से 32 सीटों पर सिमटकर रह सकती है। वहीं, कांग्रेस 49 से 61 सीटों पर विशाल जीत हासिल कर सकती है। एग्जिट पोल के अनुसार आप का खाता भी खुलता नजर नहीं आ रहा है। वहीं, जेजेपी 0 से 1, इनेलो 2 से 3 और अन्य 3 से 5 सीटें जीत सकती है।

### गंगरेल में जल जगार महोत्सव का आगाज

भगवान शिव की आकृति, जल जगार शब्द और प्राकृतिक दृश्य को दिखाया आसमान में

# आसमान में डेढ़ सौ से अधिक ड्रोन ने बिखेरी रंग बिरंगी छटा



जल जगार महोत्सव के पहले दिन आज आसमान से कहानी इवेंट के माध्यम से डेढ़ सौ से अधिक ड्रोन कैमरा ने आसमान में रंग बिरंगी छटा बिखेर कर लोगों का मन मोह लिया। ड्रोन कैमरा ने आसमान में जल जगार शब्द, प्राकृतिक दृश्य एवं भारत का नक्शा रंग बिरंगी रोशनियों से उकेरकर लोगों को दांतों तली उंगलियां दबाने को मजबूर कर दिया। जिले में हो रहे हैं इस प्रकार के पहली विशेष गतिविधि पर लोगों ने खूब ताली बजाई।



**धमतरी।** पंडित रविशंकर जलाशय गंगरेल बांध में प्रदेश के सबसे बड़े जल जगार महोत्सव का शुभारंभ शनिवार को हुआ। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं कलेक्टर नम्रता गांधी भी मौजूद रही। बरदिहा लेक रिजॉर्ट में सुबह कलेक्टर नम्रता गांधी की ⏭ शेष पेज 2 पर



### मुंबई की पहली अंडरग्राउंड मेट्रो का किया शुभारंभ

# पीएम बोले- हम बंटे तो बांटने वाले ही 'महफिल' सजाएंगे

**मुंबई।** मुंबई की बहुप्रतीक्षित पहली अंडर ग्राउंड मेट्रो एक्वा लाइन 3 के पहले चरण का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। मुंबई की पहलीअंडर ग्राउंड मेट्रो एक्वा लाइन 3 देश की पहली संपूर्ण भूमिगत मेट्रो है। उन्होंने 14120 करोड़ रुपए की लागत वाली मुंबई मेट्रो लाइन 3 के बीकेसी से आरे जेवीएलआर खंड का उद्घाटन किया। ठाणे में परियोजना के उद्घाटन के साथ ही पीएम ने ठाणे इंटीग्रल रिंग मेट्रो रेल परियोजना और एलिवेटेड ईस्टर्न फ्री वे



एक्सटेंशन सहित 32,800 करोड़ रु. से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों की आधारशिला रखी। इसके अलावा उन्होंने नवी मुंबई हवाईअड्डा प्रभाव अधिसूचित क्षेत्र परियोजना का भी शिलान्यास किया। पीएम ने कहा कि पिछले एक हफ्ते का हाल देखिए। कांग्रेस के एक सीएम का जमीन घोटाले में नाम आया है। उनके एक मंत्री महिलाओं को गालियां दे रहे हैं, उनको अपमानित कर रहे हैं। हिमाचल में कांग्रेस सरकार ने टॉयलेट टैक्स लगाया है। एक ओर मोदी कह रहा है टॉयलेट बनाओ और ये कह रहे हैं कि हम टॉयलेट पर टैक्स लगाएंगे। हमें याद रखना है कि अगर हम बंटेंगे तो बांटने वाले महफिल सजाएंगे।

# ड्रोन व नाइट विजन दूरबीन के जरिए दुश्मनों तक पहुंची इंडियन आर्मी, बम से उड़ाया हेड-क्वार्टर

## रायपुर में सर्जिकल स्ट्राइक

भारतीय सेना के जांबाज जवानों ने शनिवार को सशस्त्र सैन्य समारोह में अपने अदम्य साहस का परिचय देकर लोगों के दिलों में एक बार फिर देशभक्ति का जोश दोगुना कर दिया। समारोह में जब सर्जिकल स्ट्राइक की लड़ाई को जवानों ने फिर से दोहराया, तब साइंस कॉलेज मैदान के चारों ओर भारत माता की जय नारे की गूंज सुनाई दी। जवानों ने सर्जिकल स्ट्राइक की प्रस्तुति में बताया कि किस तरह रात के समय सेना ने दुश्मन के इलाकों में प्रवेश कर उनका हेड-क्वार्टर बम से उड़ा दिया था। मैदान में जैसे ही हथियारबंद जवान पहुंचे, सभी ने तालियों से उनका स्वागत किया, जिसके बाद जवानों ने दूरबिन कैमरे से आगे दुश्मनों की पोजीशन देखी और फिर दो जवानों आगे की ओर बढ़े।









हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

इस दौरान सेना का ड्रोन आसमान पर था, जो दुश्मनों की हर गतिविधि की जानकारी जवानों तक पहुंचा रहा था। जवान सूझबूझ के साथ दुश्मनों को खत्म करते हुए धीरे-धीरे हेड-क्वार्टर तक बढ़ने लगे। हर दो कदम के बाद दूरबीन से आगे का रास्ता देखा जाता था। सर्जिकल स्ट्राइक में सबसे अहम भूमिका आधुनिक हथियारों की थी, जिसका उपयोग प्रस्तुति के ⏭ शेष पेज 2 पर

### सैन्य बैंड के देशभक्ति धुनों ने किया मंत्रमुग्ध

राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान पर आयोजित सशस्त्र सैन्य समारोह का शुभारंभ आतिशबाजी के साथ हुआ, जहां दर्शकों ने सेना के अद्भुत कौशल और वीरता का प्रदर्शन देखा। उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और ⏭ शेष पेज 2 पर



**प्रदर्शनी में यह है खासः** इस प्रदर्शनी में भीष्म टी-90 टैंक, बीएमपी, एल-70 और अन्य आधुनिक सैन्य उपकरणों का अवलोकन कर सकेंगे, जिनका उपयोग हमारे सशस्त्र बलों ने दुश्मनों के खिलाफ विजय प्राप्त करने में किया है। इसके साथ-साथ आप पैरा जंपिंग, खुखरी डांस, डेयर डेविल मोटरसाइकलिंग और घुड़सवारी जैसे हैरतअंगेज और अद्भुत प्रदर्शन का आनंद भी ले पाएंगे।

### भारतीय सेना की ताकत, जवानों का शौर्य हमें रोमांच के साथ गौरवान्वित करता हैः साय

सैन्य प्रदर्शनी समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री साय ने कहा कि इस प्रदर्शनी में अपनी सेना की ताकत, उनकी क्षमता और हमारे वीर जवानों के शौर्य को देखकर रोमांचित और गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों में देशभक्ति का जज्बा जगाने के लिए सेना का एक अकेला जवान ही काफी होता है। सेना की वर्दी में किसी चुस्त-दुरूस्त जवान को देखकर ही हमारे भीतर जोश आ जाता है। हमारी यह सेना दुनिया की सबसे शक्तिशाली सेनाओं में गिनी जाती है।




# कास्टिंग काउच का शिकार होने वाली थी...

*अभिनेत्री मदालसा शर्मा ने अपने शो 'अनुपमा' को अलविदा कह दिया है। इस शो में वह काव्या का किरदार निभा रही थीं। हाल ही में मदालसा शर्मा ने बॉलीवुड इंडस्ट्री में कास्टिंग काउच का शिकार होने की बात कही। मदालसा ने कहा कि सिनेमा की दुनिया में कई कलाकारों को दबाव का सामना करना पड़ता है। खासकर तब, जब वो सिनेमा की दुनिया में अपने करियर की शुरुआत करते हैं।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



मदालसा ने अपने साथ हुए इस घटना के बारे में बात की। उन्होंने कहा, 'लोग बहुत ही सामान्य थे। उनको लगता था कि इस बारे बात कर सकते हैं। इसका पहला उदाहरण है कि अगर कोई बड़ा निर्माता या निर्देशक आपके साथ मीटिंग कर रहा है तो पहला सवाल आता है कि शाम को क्या कर रही हो? डिनर पर मिलते हैं। जब मैंने इस करियर में शुरुआत की तो पता लगा कि यह सब कैसे शुरू होता है। मेरी मीटिंग अच्छी रही थी, इसके बाद उन्होंने मुझे फोन किया और कहा कि डिनर पर मिलते हैं और एक दूसरे को जानते हैं'। मुझे मालूम था कि इस तरह की मीटिंग ठीक नहीं रहती हैं, तो अपने अनुभव और अपनी मां की वजह से मैं इसका शिकार होने से बच गई। मदालसा ने कहा कि मेरी मां का मेरे जीवन में काफी प्रभाव रहा है। मुझे कौन सी फिल्में करनी है, कौन सी फिल्में नहीं करनी हैं। इन सभी बातों के होने के बाद में मैं चीजों को लेकर काफी सिलेक्ट हो गई थी।

## 'बेबी जॉन' में बनेंगे पुलिस अधिकारी



**मुंबई।** वरुण धवन की एक्शन फिल्म 'बेबी जॉन' इस साल की सबसे ज्यादा प्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। इस फिल्म में अभिनेता को जबर्दस्त एक्शन सीन्स करते हुए देखा जाएगा। हाल ही में खबर आई थी कि सुपरस्टार सलमान खान कलीज द्वारा निर्देशित इस फिल्म में भी नजर आएंगे। सलमान 'बेबी जॉन' में कैमियो रोल में नजर आएंगे। उनका किरदार फिल्म की कहानी के लिए काफी अहम होगा। सलमान खान 'बेबी जॉन' में एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाते नजर आएंगे। यह भूमिका मूल रूप से तमिल फिल्म थेरी में प्रभु ने निभाई थी। कहा जा रहा है कि सलमान खान की पुलिस वाली भूमिका काफी शानदार होगी, जिसके लिए अब प्रशंसक भी उत्साहित हैं। सलमान अपनी एक्शन भूमिकाओं और स्वैग के लिए जाने जाते हैं, इसलिए एटली और कलीज ने सुपरस्टार के साथ कुछ लड़ाई के दृश्य जोड़े हैं। उन्हें कुछ मजाकिया संवादों के साथ एक साहसी पुलिस अधिकारी के रूप में देखा जाएगा। बताया जाता है कि सलमान का किरदार वरुण के किरदार के गुरु के रूप में देखा जाएगा। वह उस पर भरोसा जताएंगे और उसे पुलिस अधिकारी के रूप में वापस लाएंगे।

**बेच रहीं 66 साल पुरानी गाड़ी : लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड एक्ट्रेस एंजेलिना जोली के पास 66 साल पुरानी गाड़ी फेरारी 250 जीटी है, जिसे बेचने का मन उन्होंने बना लिया है। अब एंजेलिना जोली अपनी गाड़ी नीलामी में बेच रही हैं और ये कार 14, 16 और 20 नवंबर को पेरिस में क्रिस्टी के शोरूम में उपलब्ध होगी।

## आलिया एलन वॉकर के शो में पहुंच फैंस को चौंकाया



**मुंबई।** आलिया भट्ट जल्द ही फिल्म 'जिगरा' में नजर आने वाली हैं। यह फिल्म 11 अक्टूबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। टीजर और ट्रेलर रिलीज होने के बाद से ही इस फिल्म को लेकर फैंस काफी ज्यादा उत्साहित हैं। वासन बाला के निर्देशन में बनी इस फिल्म की रिलीज डेट काफी नजदीक है और इसी वजह से आलिया इन दिनों अपनी इस फिल्म का जोर शोर से प्रचार कर रही हैं। इस बीच अभिनेत्री ने बेंगलुरु में ग्रैमी विजेता डीजे एलन वॉकर के शो में अचानक पहुंचकर प्रशंसकों को आश्चर्यचकित कर दिया। अभिनेत्री ने प्रशंसकों का अभिवादन करते हुए कहा, 'नमस्कार (हैलो) बेंगलुरु। सरप्राइज, सरप्राइज।'







## रणवीर के साथ स्क्रीन साझा करेंगी...



**नई दिल्ली।** 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' की सफलता के बाद रणवीर सिंह एक और सोलो प्रोजेक्ट के साथ बड़े पर्दे पर वापसी करेंगे। नई फिल्म का निर्देशन आदित्य धर करेंगे। वहीं, अब इस फिल्म में मुख्य नायिका की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री के बारे में जानकारी सामने आई है। नई जानकारी के अनुसार, सारा अर्जुन इस फिल्म में रणवीर सिंह के साथ स्क्रीन साझा करेंगी। सारा इससे पहले तमिल, तेलुगु और मलयालम के साथ-साथ कई हिंदी फिल्मों में भी नजर आ चुकी हैं। उन्होंने मणिरत्नम की फिल्म पोन्नियिन सेलवन में नंदिनी के बचपन का किरदार भी निभाया था। हालांकि सारा के किरदार के बारे में विस्तृत जानकारी अभी तक नहीं मिली है, लेकिन वह पिछले कुछ वर्षों में अन्य फिल्मों में अपनी छोटी-मोटी भूमिकाओं की तुलना में अब इस फिल्म में मुख्य भूमिका निभाएंगी। हालांकि, मुख्य भूमिका निभाने के बावजूद, आगामी प्रोजेक्ट में उनकी स्क्रीन पर सीमित उपस्थिति होगी। इसके अलावा, सारा की कास्टिंग को भी कुछ आलोचनाओं का सामना करना पड़ा, जिसमें लोग उनके और रणवीर के बीच उम्र के अंतर पर सवाल उठा रहे थे।










हमारी शाखायें:- कवर्धा, बेमेतरा, दुर्ग, बालोद, राजनांदगाव, रायपुर, महासमुंद एवं छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में हैं।

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:-
अरुण एग्रीकल्चर
पुलगांव, दुर्ग (छ.ग.)
98271-41412, 95895-60875
sumit



भगवान श्रीराम को मर्यादा पुरुषोत्तम माना जाता है तो इसकी वजह उनमें विद्यमान वो उच्च जीवन मूल्य और आदर्श गुण हैं, जो केवल किसी महामानव या ईश्वरीय अवतार में ही हो सकते हैं। सभी के प्रति करुणा, प्रेम, मर्यादाओं के आदर्श के साथ ही उनमें सहिष्णुता और क्षमाशीलता की पराकाष्ठा के गुण भी हैं। इन गुणों को अपने जीवन व्यवहार में उतारकर हम भगवान श्रीराम के प्रति अपनी सच्ची श्रद्धा और भक्ति प्रकट कर सकते हैं।


# सहिष्णुता-क्षमाशीलता के महानायक भगवान श्रीराम

आवरण कथा
आर.सी.शर्मा

भगवान श्रीराम के कई उच्च मानवीय गुणों के बारे में हम सब जानते हैं, जैसे उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है। उन्हें करुणा का सागर कहा जाता है। वे भक्त वत्सल कहलाते हैं। लेकिन इनके अलावा भी उनमें विद्यमान असीम क्षमाशीलता और सहिष्णुता का गुण, उन्हें महामानव और भगवान के पद पर आसीन करता है। अगर हम भगवान श्रीराम के जीवनचरित की विभिन्न घटनाओं को देखें तो खुद ब खुद पता चल जाता है कि वह सहिष्णुता के महानायक हैं।

## प्रेम से खाए शबरी के जूठे बेर

श्रीराम की सहिष्णुता के गुण को गहराई से समझने के लिए हम उनके जीवनचरित की कई घटनाओं को इस कसौटी पर कस सकते हैं। जहां उनमें नैतिकता, धर्म और मर्यादा के साथ-साथ



क्षमा और सहिष्णुता के महान गुण दिखते हैं। जैसे उन्होंने शबरी के जूठे बेर खाने में एक क्षण को भी नहीं सोचा, एक क्षण की भी देरी नहीं की। भगवान राम जब मां शबरी के आश्रम पहुंचते हैं, तो माता शबरी उनके लिए बेर एकत्र कर रखे होती हैं, जिन्हें उन्होंने खुद चख-चख करके सुनिश्चित किया हुआ होता है कि वे मीठे हैं या नहीं। क्योंकि मां शबरी भगवान श्रीराम को खट्टे बेर नहीं खिलाना चाहती थीं। लेकिन प्रेम और भक्ति में वह भूल गईं कि उनके चखने से बेर जूठे हो गए। लेकिन भगवान राम ने एक बार भी मां शबरी को यह एहसास नहीं होने दिया कि उनके बेर जूठे हैं। यह प्रसंग भी उनकी सहिष्णुता की पराकाष्ठा को सिद्ध करता है।

## बालि को किया अविलंब क्षमा



भगवान श्रीराम में अगर क्षमा का गुण देखना हो तो उसे विभीषण को अपनाने और सुग्रीव के साथ हुए अन्याय को मिटाने के लिए उनके तत्पर हो जाने को देखना चाहिए। जब वह सीता जी की खोज के लिए भटकते हुए सुग्रीव से मिलते हैं और उन्हें पता चलता है कि सुग्रीव की पत्नी और राज्य को बालि ने छीन लिया है, तो वह बिना एक पल गंवाए बालि के विरुद्ध सुग्रीव के पक्ष में खड़े हो जाते हैं। वह सुग्रीव की तरफ से बालि को छुपकर तीर से मार देते हैं, क्योंकि उसे वरदान प्राप्त था कि अगर कोई योद्धा बालि के सामने आएगा तो उसका आधा बल बालि के पास चला जाएगा। इसलिए भगवान श्रीराम सुग्रीव के लिए बालि को पेड़ की ओट से छिपकर मारते हैं। मरणासन्न अवस्था में जब बालि पूछता है कि उन्होंने ऐसा क्यों किया? तो भगवान राम कहते हैं-

अनुज वधु भगनी सुत नारी। रे शठ ये कन्या सम चारी।।
इन्हहिं कुदृष्टि विलोकत जोई। ताहि वधे कछु पाप न होई।।

इस पर बालि को अपनी भूल का अहसास होता है, वह कहता है-

सुनहु राम स्वामी सन चल न चातुरी मोरि।
प्रभु अजहूं मैं पातकी अंतकाल गति तोरि।।

इतना सुनते ही भगवान श्रीराम करुणा विगलित हो जाते हैं और गोस्वामी तुलसीदास कहते हैं-

सुनत राम अति कोमल बानी।
बालि सीस परसेउ निज पानी।।

बालि के कोमल वचनों को सुनकर भगवान श्रीराम ना सिर्फ उसके अपराधों को क्षमा करते हुए उसे मुक्ति देते हैं बल्कि अपने हाथों से उसके लिए जल तर्पण करते हैं।

## रावण के ज्ञान का किया सम्मान

जब चित्रकूट में भरत, अयोध्यावासियों सहित भगवान श्रीराम से जंगल में मिलने जाते हैं, तो उनके साथ तीनो माताएं माता कौशल्या, सुमित्रा और कैकेई भी होती हैं। भगवान श्रीराम मां कैकेई के मांगे गए वचनों के कारण वन जाने के लिए बाध्य होते हैं। लेकिन जब वे तीनों मांओं को जंगल में उनसे मिलने आते देखते हैं तो सबसे पहले माता कैकेई के ही पैर छूते हैं ताकि उन्हें यह अपराबोध ना हो कि श्रीराम उनकी वजह से वनवास गए। इसी तरह जब भगवान श्रीराम, रावण का वध कर देते हैं, तो उनके मन में रावण के प्रति कोई द्वेष नहीं रहता। राम अपने भ्राता लक्ष्मण से कहते हैं कि वे उनके पास अंतिम ज्ञान लेने जाएं। साथ ही वह विभीषण से कहते हैं कि महाज्ञानी और विद्वान रावण का अंतिम संस्कार पूरे सम्मान के साथ किया जाना चाहिए। जहां रावण के प्रति श्रीराम के भीतर क्षमा और सहिष्णुता दोनों दिखती है। *

## समुद्र देवता को कर दिया क्षमा



**मां सीता** को रावण के चंगुल से छुड़ाने के लिए भगवान श्रीराम, जब लंका जाना चाहते हैं तो वह समुद्र से मार्ग देने के लिए प्रार्थना करते हैं, लेकिन समुद्र उनकी बात नहीं सुनता। कई दिनों तक प्रतीक्षा करने के बाद श्रीराम को क्रोध आ जाता है। वह लक्ष्मण से अग्निबाण मांगते हुए कहते हैं, 'मैं एक ही बाण से समुद्र को सुखा देता हूं।' भगवान श्रीराम के क्रोध से समुद्र डर जाता है। वह उनके सामने प्रकट होता है और क्षमा मांगता है। इस पर भगवान श्रीराम उसे कतई प्रताड़ित नहीं करते, यह नहीं कहते कि अब वह उसे माफ नहीं करेंगे, क्योंकि उसने उनकी बात तुरंत नहीं सुनी। भगवान श्रीराम समुद्र को तुरंत ही क्षमा कर देते हैं। यही नहीं वह समुद्र के उस पार जाने के लिए उसका मार्गदर्शन भी स्वीकार करते हैं। यह घटना भगवान श्रीराम के उस गुण को दर्शाती है कि भयंकर क्रोध करने के बाद भी वह दूसरे को तुरंत क्षमा कर देने का भाव रखते हैं।

## विभीषण को बना लिया मित्र



भगवान श्रीराम जब लंका के बाहर रावण से युद्ध के लिए अपना डेरा जमाते हैं, तो देखते हैं कि सामने से रावण का सगा भाई विभीषण उनकी तरफ चला आ रहा है। इस पर सुग्रीव को शक होता है कि कहीं विभीषण किसी तरह की हानि पहुंचाने तो नहीं आ रहा है। वह भगवान राम से सतर्क होने के लिए कहते हैं। लेकिन श्रीराम बिना किसी सतर्कता के विभीषण का उठकर स्वागत करते हैं और सुग्रीव-लक्ष्मण की आशंका के बावजूद वे विभीषण के आत्मसमर्पण को सच्चे हृदय से स्वीकारते हैं और उनके सम्मान के लिए उन्हें लंकेश कहकर संबोधित करते हैं। इससे पता चलता है कि उनमें क्षमा और सहिष्णुता के गुण पराकाष्ठा की हद तक विद्यमान थे।

विशेष: विजय दशमी



बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक पर्व विजय दशमी, वैसे तो रावण के पुतले के दहन के रूप में जाना जाता है। लेकिन वास्तव में यह पर्व संपूर्ण मानव समाज को अपने भीतर और आस-पास के समाज में मौजूद तमाम बुराइयों के अंत के लिए भी प्रेरित करता है। आइए, हम सब भी इन बुराइयों के दहन का संकल्प लें।

# आइए हम करें अपनी बुराइयों का भी दहन

आह्वान
लोकमित्र गौतम



यह सही है कि विजय दशमी पर हम सदियों से बुराइयों के प्रतीक रावण के पुतले का दहन करते आ रहे हैं। लेकिन अब हमें इस पारंपरिक प्रतीक से आगे बढ़कर विजय दशमी के इस पर्व पर अपने भीतर और आस-पास मौजूद बुराइयों के रावणों को जलाकर इस त्योहार को सार्थक सिद्ध करना होगा। उससे पहले जरूरी है कि हम अपने भीतर ही नहीं देश और संपूर्ण मानव समाज के समक्ष मौजूद उन बुराइयों को पहचानें।

**बुरी आदतों को लिखने की आदत डालें:** अगर हम अपनी किसी बुराई को दूर करना चाहते हैं तो उसे लिख लें। इस विजय दशमी वाले दिन उसे किसी ऐसे स्थान पर चिपका दें या टांग दें, जहां उस पर हमारी नजर बार-बार पड़े। इससे बार-बार हमारे



भीतर उस बुराई को दूर करने की प्रेरणा मिलेगी और हम धीरे-धीरे उससे मुक्त होने का प्रयास करने लगेंगे।

**दिखावे से छुटकारा पाएं:** हम सब जानते हैं कि दिखावा करना भी एक बड़ी बुराई है। इसके चलते ना सिर्फ हम जो होते हैं, लोगों को वो नहीं दिखते बल्कि लोगों के सामने हमारी झूठी शख्सियत बनती है, जिससे लोगों को तो धोखा मिलता ही है, हमारा खुद का भी नुकसान होता है। दिखावा करने के कारण हम अपने मूल्यों को, अपनी परंपराओं को छोड़ते चले जाते हैं। झूठ पर झूठ बोलना हमारी मजबूरी हो जाती है। दिखावे की प्रवृत्ति के कारण हम अपनी हैसियत से ज्यादा खर्च करने लगते हैं और इस तरह लोगों के कर्जदार हो जाते हैं। दिखावे की वजह से हम लोगों में अपने प्रति गलत उम्मीदें पनपने का मौका देते हैं और अपने आपको भुलावे में रखते हैं। इस दशहरे पर हम अपने अंदर मौजूद दिखावे की सोच को खत्म करने का संकल्प लें, ताकि इससे उपजने वाली अन्य बुराइयां भी हमें परेशान ना कर सकें। अपने पारंपरिक मूल्यों, संस्कृति की जीवंत परंपराओं के साथ गहराई से जुड़ें। इस साल विजय दशमी के पर्व को सार्थक बनाने का यह भी एक शानदार तरीका हो सकता है। जब हम अपनी दिखावे की प्रवृत्तियों को त्याग देंगे तो हम दूसरों के चहेते तो बन ही जाएंगे, हमें खुद इसके बहुत फायदे मिलेंगे।

**समझें धरती का दर्द:** खेती और वन योग्य जमीन को लगातार नष्ट करने, भोजन बर्बाद करने और संसाधनों के आवश्यकता से अधिक दोहन की हमारी आदत के कारण ना सिर्फ बहुत तेजी से धरती के संसाधन छीज रहे हैं बल्कि आने वाली पीढ़ियों को हम उनके पैदा होने के पहले ही कंगाल बनाए दे रहे हैं। अपनी इस सामूहिक बुराई के प्रति जागरूक हों और अंधाधुंध उपभोग को विराम देना जरूरी है, ताकि जो खूबसूरत धरती हमें विरासत में मिली है, आने वाली पीढ़ियों के लिए भी इसकी एक मुकम्मल व्यवस्था बनी रहे। इसलिए हम अपनी ज्यादातर गतिविधियों में इकोफ्रेंडली साबित हों। इसलिए इस वियय दशमी को तय करें कि गैरजरूरी उपभोग और जरूरत से ज्यादा संसाधनों के दोहन की सोच की वजह से हम धरती पर अनावश्यक दबाव नहीं डालेंगे। वैसे भी हमें इस बात को स्वीकारना होगा कि इस धरती के संसाधन किसी एक देश या समाज के लिए नहीं हैं बल्कि समूची मानवता के लिए हैं, इसलिए विजय दशमी को हम जरूरत से ज्यादा उपभोग की अपनी प्रवृत्ति की ख्वाहिश का पुतला भी जरूर दहन करें।

**प्लास्टिक प्रदूषण:** पर्यावरण विशेषज्ञ, पिछले कई दशकों से आगाह कर रहे हैं कि प्लास्टिक, इंसानों के लिए बेहद जानलेवा है। यह हर गुजरते दिन के साथ धरती को अपने प्रदूषण के जहर से खत्म कर रहा है। देश ही नहीं दुनिया भर की सरकारें लोगों को प्लास्टिक का इस्तेमाल ना करने के लिए



आगाह करती हैं, लेकिन प्लास्टिक के उत्पादन पर रोक नहीं लगातीं। इससे प्रदूषण की स्थिति दिन पर दिन गहराती जा रही है। तो क्यों ना इस विजय दशमी हम इस प्लास्टिकरूपी रावण के दहन का संकल्प करें। इसके इस्तेमाल को रोकने का कम से कम अपने स्तर पर प्रयास शुरू करें।

इस तरह हम सब अगर अपने भीतर और आस-पास की दुनिया में व्याप्त बुराईयों को दूर करने का संकल्प करें तो इससे ना केवल हम सबका जीवन सुंदर बनेगा, तभी विजय दशमी पर्व मनाने की सार्थकता भी सिद्ध होगी। *

गजल / ओम निश्चल


## फिर बातें करें



निकल आओ ओढ़ करके शाल फिर बातें करें
देख लूं मैं फूल जैसे गाल फिर बातें करें
मैं सुनाऊं हाले-दिल सुनती रहो तुम डूब कर
तुम भी हौले से सुनाओ हाल फिर बातें करें
आहटें कदमों की आहिस्ता सुनाएं दास्तां
सुन के हिलने लगे मन का ताल फिर बातें करें
घाट पर बैठे रहें हम पांव डाले नदी में
खुल रहा हो धीरे-धीरे जाल फिर बातें करें
एक दस्तावेज जैसे दफन है दिल में मेरे
कोई पूछे मेरे मन का हाल फिर बातें करें

लघुकथा
हरीश कुमार 'अमित'

## इज्जत की रोटी



'अरे शामलाल, तुम अब भी यही रेहड़ी खींचने का काम कर रहे हो?' सेठ दौलतचंद ने हैरानी से पूछा।

'जी, सेठ जी। यह काम तो पिछले तीस बरसों से करता आ रहा हूं।' शामलाल ने जवाब दिया।


'लेकिन शामलाल, अब तो तुम्हारा बेटा बड़ा सरकारी अफसर है भोपाल में बड़ा सा बंगला मिला हुआ है उसे! अब क्या जरूरत है तुम्हें काम करने की? भोपाल क्यों नहीं चले जाते उसके पास?' सेठ जी बोले।

'सेठ जी, अब मेरा बेटा इतना बड़ा अफसर बन गया है कि उसे इस कस्बे में रहने वाले अपने मां-बाप बहुत पिछड़े लगने लगे हैं। उसने साफ-साफ तो नहीं कहा, लेकिन इशारों ही इशारों में यह कह दिया है कि वह हमें अपने साथ नहीं रख सकता।'

'बात तो तुम्हारी ठीक है लेकिन तुमने सारी उम्र रेहड़ी खींच-खींचकर अपने बेटे को इस लायक बनाया है कि वह आज एक बड़े ओहदे पर है, गाड़ी-बंगला है उसके पास। क्या अब तुम्हें आराम से उसके यहां जाकर नहीं रहना चाहिए?' सेठ जी ने फिर पूछा।

सेठ जी की बात सुनकर श्यामलाल बोला, 'सेठ जी, आज तक खुद्दारी से जिया हूं, किसी का एहसान नहीं लिया। अब इस उम्र में बेटे का एहसान भी क्या लेना। अपने इसी काम में इज्जत की रोटी खाने में जो आनंद है, वह और कहां मिलेगा!'

शामलाल की बात सुनकर सेठ जी के मुंह से बरबस ही 'वाह!' निकल पड़ा। *




पुस्तक: जीवन संवाद-1, लेखक: जे. कृष्णमूर्ति, अनुवाद: जमनालाल जैन, मूल्य: 475 रुपए, प्रकाशक: राजपाल एंड संस, दिल्ली

पुस्तक चर्चा / विज्ञान भूषण

## जीवन से संवाद

प्रख्यात दार्शनिक और शिक्षक जे. कृष्णमूर्ति के विचार उनके अनुयायियों को ही नहीं, हर वर्ग के बुद्धिजीवियों को प्रभावित करते रहे हैं। हाल में उनकी किताब का हिंदी अनुवाद 'जीवन संवाद-1' शीर्षक से प्रकाशित होकर आया है। इसमें कृष्णमूर्ति का छात्रों, उनके पैरेंट्स और विचारशील जिज्ञासुओं से विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा को संकलित किया गया है। कृष्णमूर्ति जिस तरह से जीवन और दर्शन से जुड़ी जटिल संकल्पनाओं और विषयों पर सरल लेकिन विस्तार से चर्चा करते हैं, वह किसी को भी प्रभावित कर देता है। यही वजह है कि उनके प्रशंसक पूरी दुनिया में मौजूद हैं। जहां बहुत से दार्शनिक और चिंतक दुख से बचने के उपाय लोगों को बताते हैं, वहीं कृष्णमूर्ति दुख से बचने के बजाय उसे समझने को कहते हैं। एक प्रश्न के उत्तर में वह कहते हैं, 'दुख को समझना आवश्यक है, उसे अनदेखा नहीं करना है। अनदेखा करने का मतलब होगा, दुखभोग को निरंतरता देना। अनदेखा करना तो दुखभोग से भागना है। दुखभोग समझने के लिए एक क्रियात्मक प्रयोगधर्मी नजरिए की जरूरत है।'

इसी तरह महत्वाकांक्षा की महत्ता के बारे में वे स्पष्ट करते हैं, 'यदि हम महत्वाकांक्षी न होते तो संसार में कोई कर्म ही नहीं किया जाता। महत्वाकांक्षा प्रगति का एक और नाम है।'

कहने की जरूरत नहीं कि जे. कृष्णमूर्ति के आम धारणाओं से अलग विचार, हमारे भीतर एक नई जीवनदृष्टि को विकसित करते हैं। *

विज्ञापन...

इंजेक्शन की नवीन तकनीक से स्पाइन रोगों का उपचार

सर्जरी के बिना ही सिर्फ इंजेक्शन तकनीक के जरिये स्पाइन (रीढ़) रोगों का बेहतर और विश्वसनीय उपचार विश्वविख्यात डॉ. प्रमोद पहारिया द्वारा ग्वालियर में हो रहा है। आईये जानते हैं इस तकनीक के असाधारण लाभ-



मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश ने डॉ. प्रमोद पहारिया को प्राईड ऑफ एम.पी. अवार्ड दिया।

इस ट्रीटमेंट की कितनी बार आवश्यकता होती है?
सिर्फ एक ही बार पर्याप्त है।

सर्जरी की अपेक्षा इस तकनीक के क्या फायदे हैं?
सर्जरी के दौरान पैरालिसिस, पैलाप्लेजिया, ब्लैडर एवं बोवेल के कंट्रोल में क्षति, पैरों में कमजोरी, इंफेक्शन, इंप्लांट फैलियर जैसे जो कॉम्पिलकेशन देखने को मिलते हैं, वैसा इसमें खतरा नहीं है।

किन मरीजों का इलाज इस तकनीक से संभव है?
डिस्क प्रोलेप्स जैसे L4-L5, L5-S1, साइटिका, लंबर या सर्वाइकल रेडीक्युलोपैथी, डिजरनेरेटिव डिस्क, फैसिट जॉइन्ट सिंड्रोम, माइलोपैथी, लंबर कैनाल स्टेनोसिस, स्पॉन्डिलाइटिस आदि में कारगर है।

जो रोगी ऑपरेशन करवा चुके हैं उसमें भी यह कारगर है?
यदि ऑपरेशन के बाद दबाव बना रहता या दोबारा दबाव आ जाता है तो उसमें भी यह तकनीकी कारगर है।

किस उम्र के लिये यह चिकित्सा है?
15 से 85 वर्ष के मरीजों के लिये।

एक डिस्क लेवल के ट्रीटमेंट में कितना खर्च आता है?
स्पाइन सर्जरी में जहां 3 लाख तक का खर्चा आता है वहीं यह उपचार मात्र 19000 तक में हो जाता है। विदेशों में इसका खर्च 50 गुना तक है।

कितने समय में रोगी घर जा सकता है?
एक घण्टे बाद ही घर जा सकता है। जबकि सर्जरी में 3 माह तक रोगी को अपने काम से अलग रहकर आर्थिक क्षति उठाना पड़ती है।

इस ट्रीटमेंट की सफलता की दर कितनी है?
90 से 95% सफल है। अब तक लगभग 7,500 मरीज हमेशा के लिए ठीक हो चुके हैं। यह इंजेक्शन प्रॉब्लम साइट में लगाया जाता है।

इस ट्रीटमेंट का असर कब तक रहता है?
इसमें जड़ से इलाज होता है।

क्या यह स्टेरॉइड इंजेक्शन है?
नहीं, यह एक भ्रम है। यह एक सेफ अमेरिकन प्रोसीजर है, जो एक **विशेष मशीन** की निगरानी में किया जाता है।

NBC@

डॉ. प्रमोद पहारिया
स्पाइन सर्जन
MBBS, D.Ortho, DNB, M.Ch. (Ortho)
पूर्व सर्जन- सर गंगाराम हॉस्पिटल एवं इंडियन स्पाइनल इंज्यूरी सेन्टर, नई दिल्ली
देहली हॉस्पीटल, ओल्ड श्री टॉकीज, बारादरी, मुरार, ग्वालियर (म.प्र.)
समय: दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक
व्हाट्सएप पर रिपोर्ट भेजकर ही संपर्क करें
सम्पर्क - 7354858466
www.nonsurgicalspinecentre.in

# विश्व चैंपियनशिप : दिव्यांशी-सूरज ने जीता स्वर्ण, 21 पदकों के साथ शीर्ष पर भारत

एजेंसी ▶▶| लीमा

भारतीय पिस्टल निशानेबाज दिव्यांशी ने यहां आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप में महिलाओं की 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल स्पर्धा में पहला स्थान हासिल करके अपना दूसरा व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीता।

भारत ने इस स्पर्धा में तीनों पदक जीतकर क्लीन स्वीप किया। भारत के युवा निशानेबाजों ने शुक्रवार को दो स्वर्ण सहित पांच और पदक अपनी झोली में डाले, जिससे उसके कुल पदकों की संख्या 21 हो गई है और वह तालिका में शीर्ष पर बना हुआ है। भारत ने अभी तक 13 स्वर्ण, दो रजत और छह कांस्य पदक जीते हैं। नॉर्वे 10 पदक (चार स्वर्ण, तीन रजत और तीन कांस्य) के साथ दूसरे जबकि चीन तीन स्वर्ण और एक रजत पदक लेकर तीसरे स्थान पर है।



### भारत ने किया क्लीन स्वीप

*दिव्यांशी ने 600 में से 564 अंक के साथ इस स्पर्धा में दबदबा बनाया और टीम की अपनी साथी परीशा गुप्ता को पीछे छोड़ा, जिन्होंने 559 अंक हासिल कर रजत पदक जीता। मानवी जैन ने 557 अंक बनाकर कांस्य पदक जीता जिससे भारत ने इस स्पर्धा में क्लीन स्वीप किया। यह इस प्रतियोगिता में भारत का पहला क्लीन स्वीप है। भारत की एक अन्य निशानेबाज शिखा चौधरी 554 अंक बनाकर चौथे स्थान पर रही।*

### 571 के स्कोर से शीर्ष पर रहे सूरज

*25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल स्पर्धा में ही पुरुष वर्ग में सूरज शर्मा ने 571 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने पोलैंड के इवान राकिस्टस्की को पीछे छोड़ा, जिन्होंने 568 के स्कोर के साथ रजत पदक हासिल किया। चैंपियनशिप में पहले ही चार स्वर्ण पदक जीत चुके मुकेश नेलवल्ली ने भी 568 अंक बनाए लेकिन आखिर में उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। भारत के अन्य खिलाड़ियों में हरसिमर सिंह रत्था (565), राजवर्धन सिंह पाटिल (562), और प्रद्युम्न सिंह (562) क्रमशः सातवें, आठवें और नौवें स्थान पर रहे।*

## भारत ने अंडर 18 महिला वर्ग में जीता रजत




**नई दिल्ली।** युवा तीरंदाज वैष्णवी पवार के शानदार प्रदर्शन से भारत ने चीनी ताइपे में चल रही 2024 एशियाई युवा तीरंदाजी चैंपियनशिप में रिकर्व अंडर-18 महिला वर्ग में रजत पदक हासिल किया। वैष्णवी ने प्रत्येक राउंड में तीन सदस्यीय भारतीय टीम के लिए पहला शॉट लिया। उनके अच्छे प्रदर्शन से भारतीय टीम सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया को शूट ऑफ में हराने में सफल रही। भारतीय टीम में प्रांजल थोलिया और जन्नत भी शामिल थीं। चीनी ताइपे के खिलाफ फाइनल में भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और एक समय वह 2-4 इससे पीछे चल रहा था लेकिन इसके बाद उसने अच्छा खेल दिखाकर मुकाबला को शूट ऑफ तक खींच दिया। चीनी ताइपे की टीम ने शूट ऑफ में जीत हासिल करके स्वर्ण पदक जीता।

## खबर संक्षेप



### मुंबई ने जीता 15वां ईरानी कप, 27 साल बाद चैंपियन

**लखनऊ।** तनुष कोटियान के नाबाद शतक की बदौलत मुंबई ने शनिवार को यहां पांचवें और अंतिम दिन ड्रॉ रहे मैच में शेष भारत पर पहली पारी की बढ़त के आधार पर अपना 15वां ईरानी कप जीत लिया। मुंबई ने अपना पिछला ईरानी कप 27 साल पहले 1997-98 सत्र के दौरान जीता था और तब से घरेलू क्रिकेट की यह ताकतवर टीम आठ और फाइनल में पहुंची लेकिन उसे सफलता नहीं मिली। मुंबई का आखिरी फाइनल 2015-16 सत्र में रहा था। मुंबई ने अंतिम दिन छह विकेट पर 153 रन से आगे खेलना शुरू किया और दूसरी पारी आठ विकेट पर 329 रन बनाकर घोषित की। इस तरह मुंबई की कुल बढ़त 450 रन की हो गई। पहली पारी में 64 रन बनाने वाले कोटियान ने 150 गेंद में 114 रन बनाकर नाबाद रहे। मुंबई ने लखनऊ के इकाना स्टेडियम में आयोजित ईरानी कप में पहली पारी में 537 रन बनाए। जवाब में रेस्ट ऑफ इंडिया 416 रनों पर ढेर हो गई। मुकाबले के पांचवें और अंतिम दिन मुंबई का स्कोर जब दूसरी पारी में 329/8 पर पहुंचा तो ड्रॉ की घोषणा कर दी गई।

### भारत और बांग्लादेश के बीच पहला मैच आज शाम 7 बजे

# टी20 श्रृंखला में मयंक और युवाओं के पास कौशल दिखाने का मौका

एजेंसी ▶▶| ग्वालियर

भारत और बांग्लादेश के बीच सोमवार से यहां शुरू होने वाली तीन मैच की टी20 श्रृंखला में अपनी तेज गेंदबाजी के कारण क्रिकेट जगत का ध्यान खींचने वाले मयंक यादव की फॉर्म और फिटनेस की परीक्षा होगी। अन्य युवा खिलाड़ियों के पास भी अपनी चमक बिखेरने का यह शानदार मौका होगा। मयंक ने इस साल के शुरू में इंडियन प्रीमियर लीग के दौरान लगातार 150 किमी की रफ्तार से गेंदबाजी करके लोगों का ध्यान अपनी तरफ खींचा था लेकिन पसलियों में खिंचाव के कारण उन्हें टूर्नामेंट के बीच से ही हटना पड़ा था।

अमूमन किसी भी खिलाड़ी को राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने के लिए घरेलू क्रिकेट में अपनी फिटनेस साबित करनी पड़ती है लेकिन 22 वर्षीय मयंक को उनके विशेष कौशल के कारण भारतीय टीम में जगह दी गई है। बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला में उनकी फॉर्म और फिटनेस की परीक्षा होगी। अभी यह देखना होगा कि उन्होंने जिस सटीकता और नियंत्रण के साथ आईपीएल में गेंदबाजी की थी वह उसी की तरह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गेंदबाजी कर सकते हैं या नहीं।





### राणा-नीतीश करेंगे डेब्यू

मयंक के अलावा बांग्लादेश के खिलाफ इस श्रृंखला में दिल्ली के तेज गेंदबाज हर्षित राणा और ऑलराउंडर नीतीश कुमार को भी भारत की तरफ से पदार्पण का मौका मिल सकता है। न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला को देखते हुए शुभमन गिल, ऋषभ पंत, यशस्वी जयसवाल, मोहम्मद सिराज और अक्षर पटेल को बांग्लादेश के खिलाफ टी20 श्रृंखला से विश्राम दिया गया है।

### सूर्या-पंड्या दो बड़े नाम

कप्तान सूर्यकुमार यादव और ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या टीम में शामिल दो बड़े नाम हैं। उनके अलावा टी20 विश्व कप की विजेता टीम में शामिल रहे शिवम दुबे और अर्शदीप सिंह को भी इस श्रृंखला के लिए टीम में चुना गया है।



### 14 साल बाद ग्वालियर मेजबान

मैच श्रीमंत माधवराव सिंधिया स्टेडियम में खेला जाएगा जिससे ग्वालियर में 14 साल के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की भी वापसी होगी। इस शहर में आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच वनडे के रूप में 2010 में खेला गया था। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले गए इस मैच में सचिन तेंदुलकर वनडे में दोहरा शतक जड़ने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बने थे।

### टीम इस प्रकार हैं

**बांग्लादेश :** नजमुल हुसैन शंटो (कप्तान), तंजीद हसन तमीम, परवेज हुसैन एमोन, तौहीद हृदोय, महमूद उल्लाह, लिटन कुमेर दास, जेकर अली अनिक, मेहदी हसन मिराज, महेदी हसन, रिशाद हुसैन, मुस्तफिजुर रहमान, तस्कीन अहमद, शोरफुल इस्लाम , तंजीम हसन साकिब, रकीबुल हसन।

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, हार्दिक पंड्या, रियान पराग, नितीश कुमार रेड्डी, शिवम दुबे, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, वरुण चक्रवर्ती, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, मयंक यादव।

## आस्ट्रेलिया का जीत से आगाज श्रीलंका को छह विकेट से रौंदा

एजेंसी ▶▶| शारजाह

गत चैंपियन आस्ट्रेलिया ने शनिवार को यहां मुश्किल हालात से उबरते हुए महिला टी20 विश्व कप अभियान के अपने पहले मैच में श्रीलंका को छह विकेट से हरा दिया। यह श्रीलंका की लगातार दूसरी हार है। दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबजी करने उतरी श्रीलंका की टीम 20 ओवर में सात विकेट पर 93 रन बनाए।

जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने बेथ मूनी की नाबाद 43 रनों की पारी की बदौलत 14.2 ओवर में चार विकेट पर 94 रन बनाकर छह विकेट से यह मुकाबला जीत लिया। ऑस्ट्रेलिया इस जीत के साथ ग्रुप ए की अंक तालिका में दो अंकों के साथ दूसरे पायदान पर पहुंच गई है। वहीं, श्रीलंका चौथे स्थान पर खिसक गई। ऑस्ट्रेलिया की इस जीत से भारत को भी नुकसान हुआ है। टीम पांचवें पायदान पर पहुंच गई है। शुक्रवार को हरमनप्रीत कौर की टीम को न्यूजीलैंड के हाथों करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा था। 94 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया ने भले ही यह मुकाबला जीत लिया, लेकिन श्रीलंका के गेंदबाजों ने एलिसी हीली की टीम को परेशान किया। टीम को पहला झटका कप्तान के रूप में ही लगा जिन्हें पहले ही ओवर में प्रबोधनी ने बोल्ड किया। वह सिर्फ चार रन बना सकीं। इसके बाद जॉर्जिया (3) रनआउट हो गईं। इस मुकाबले में एलिस पेरी ने 17, एश्ले गार्डनर ने 12, फीबी लिचफील्ड ने 9* और बेथ मूनी ने 43* रन बनाए।



### इंग्लैंड ने बांग्लादेश को 21 रन से हराया

**शारजाह।** इंग्लैंड ने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर महिला टी20 विश्व कप में शनिवार को यहां बांग्लादेश को 21 रन से हराकर अपने अभियान का आगाज जीत के साथ किया। इंग्लैंड ने सलामी बल्लेबाज डेनिएल वायट (41) और माइया बूशेर (23) के बीच पहले विकेट के लिए 40 गेंद में 48 रन की आक्रामक साझेदारी के दम पर सात विकेट पर 118 रन बनाने के बाद बांग्लादेश को सात विकेट पर 97 रन पर रोक दिया। बांग्लादेश की यह दो मैचों में पहली हार है। टीम ने अपनी शुरुआती मैच में स्कॉटलैंड को शिकस्त दी थी।



### रसेल, पूरन सहित चार खिलाड़ी श्रृंखला से हटे

**सेंट जोंस।** वेस्टइंडीज के सीनियर खिलाड़ी आंद्रे रसेल, निकोलस पूरन, अकील हुसैन और शिमरोन हेटमायर ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए श्रीलंका के खिलाफ आगामी तीन मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला से हटने का फैसला किया। क्रिकेट वेस्टइंडीज की विज्ञप्ति के अनुसार मुख्य कोच डेरेन सैमी की अगुआई वाली चयन समिति ने सलामी बल्लेबाज एविन लुईस और ब्रैंडन किंग को वापसी कराई है जबकि तेज गेंदबाजी आल राउंडर टेरेंस हिंड्स और शमार स्प्रिंगर को पहली बार जगह दी। लुईस की 2022 टी20 विश्व कप के बाद वापसी हो रही है जबकि किंग्स चोट से वापसी कर रहे हैं जिसके कारण वह इस साल के शुरू में टी20 विश्व कप से बाहर रहे थे।

### चिर प्रतिद्वंद्वी पाक से भारत का मुकाबला आज

एजेंसी ▶▶| दुबई

पहले मैच में न्यूजीलैंड से करारी हार से आहत भारत को अगर महिला टी20 विश्व कप में अपना अभियान पटरी पर लाना है तो उसे पाकिस्तान के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले मैच में टीम संयोजन की अपनी खामियों को दूर करना होगा। भारतीय टीम को शुक्रवार को अपने पहले मैच में न्यूजीलैंड से 58 रन से हार का सामना करना पड़ा जिससे उसकी सेमीफाइनल में जगह बनाने की उम्मीदों को करारा झटका लगा है और इससे उसके लिए आगे के सभी मैच बेहद महत्वपूर्ण बन गए हैं। भारत का नेट रन रेट अच्छा नहीं है और उसके लिए अब पाकिस्तान, श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले मैचों में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ खेल के तीनों विभाग में खराब प्रदर्शन किया। उसके पास अब समय नहीं है और उसे जल्द से जल्द अपनी कमजोरियों को दूर करना होगा। यह काम इतना आसान नहीं है क्योंकि उसका सामना अब पाकिस्तान से है जिसने पहले मैच में श्रीलंका को हराया था।

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर
NATIONAL INSTITUTE OF TECHNOLOGY RAIPUR
(An Institute of National Importance)
Under Ministry of Education, Govt. of India

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रायपुर सिविल कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित करता है जिसका विवरण निम्नानुसार है:

1. Regarding renovation and repair maintenance works in Biomechanics lab, Biomedical Engineering Department of NIT Raipur. Enquiry No.: No./NITRR/EE/EO/ETender/2024/0223 Raipur, Dated: 30-09-2024 (First Call).
2. Construction of parking sheds for the Institute vehicles (buses and ambulance) in the campus at NITRR. Enquiry no.: No./NITRR/EE/EO/ETender/2024/0224 Raipur, Dated: 01-10-2024 (First call).

जो की ई-निविदा के माध्यम से www.tenderwizard.in/NITR पोर्टल पर करना है। निविदा जमा करने कि अंतिम तिथि 23/10/2024 18:00 बजे तक व निविदा खुलने की तिथि 25/10/2024 16:00 बजे।

फार्म व अन्य जानकारियाँ वेबसाइट www.nitrr.ac.in व www.tenderwizard.in/NITR से डाउनलोड की जा सकती है।

-सही-
कार्यपालन अभियंता
संपदा विभाग, एन.आई.टी. रायपुर
ASA

हरिभूमि
आवश्यकता है
रीजनल मार्केटिंग विभाग में
2 - मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव की आवश्यकता है
अनुभवी को प्राथमिकता
योग्यता - 12वीं +स्नातक
कम्प्यूटर की बेसिंग जानकारी अनिवार्य
इच्छुक व्यक्ति अपने संपूर्ण बायोडाटा के साथ संपर्क करें
कार्मिक विभाग 0771-4242219, 52
समय : सुबह 11 से शाम 7 बजे तक
हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर

बैंक ऑफ इंडिया Bank of India BOI
JAGDALPUR BRANCH:- -Nayapara, Old Jaypur Road, Near Jhankar Talkies, Balaji Ward, Jagdalpur, C.G. 494001

गोल्ड लोन लेने वाले को रिकॉल नोटिस

Ref.NO/JDP/ADV/2024-25/70,71 दिनांक : 05-09-2024

पंजीकृत पावती देय

श्री जितेंद्र बैरागी, पिता शिव बैरागी, पता: अंबेडकर वार्ड क्रमांक 29, जगदलपुर, जिला - बस्तर (छ.ग.)

प्रिय महोदय,
हमारे पास आपका गोल्ड लोन खाता. नं. - 904273710000120 & 904273710000154
स्वीकृत राशि: रु. 52000.00 & 42000.00
वर्तमान बकाया शेष: रु. 102518.48

कृपया ध्यान रखें कि हमारी शाखा द्वारा आपको आपके सोने के आभूषण/गहने /सिक्के (यानी अंगूठी, चेन इत्यादि) गिरवी रखने पर 29-01-2021 एवं 31-03-2021 को 94000=00 रुपये (चौरानबे हजार रुपये) का ऋण स्वीकृत किया गया था। कुल वजन 18.13 ग्राम एवं 20.04 ग्राम। उपरोक्त ऋण और ब्याज के कारण अब बैंक को 136118.13 रुपये देय है। आपसे 21/10/2024 को/उससे पहले बैंक का बकाया चुकाने के लिए कहा जाता है। ऐसा न होने पर उपरोक्त गिरवी रखे गए आभूषण/आभूषण/सिक्के या उसके पर्याप्त हिस्से को बैंक द्वारा अपने बकाया की वसूली के लिए बेच दिया जाएगा और बिक्री से प्राप्त आय को ऐसी बिक्री या बिक्री के प्रयास से जुड़ी लागतों में से कटौती करने के बाद पूर्ण संतुष्टि के लिए विनियोजित किया जाएगा। बैंक के दावे का विवरण और कमी की स्थिति में बैंक आपसे घाटे की राशि वसूल करेगा। सोने के आभूषणों/आभूषणों/सिक्कों की बिक्री बैंक द्वारा 30.10.2024 या इसके लिए निर्धारित किसी अन्य तारीख को आपको बिना किसी पूर्व सूचना के की जा सकती है।

आपका विश्वासी
शाखा प्रबंधक

बैंक ऑफ इंडिया Bank of India BOI
JAGDALPUR BRANCH:- -Nayapara, Old Jaypur Road, Near Jhankar Talkies, Balaji Ward, Jagdalpur, C.G. 494001

गोल्ड लोन लेने वाले को रिकॉल नोटिस

Ref.NO/JDP/ADV/2024-25/72 दिनांक : 05-09-2024

पंजीकृत पावती देय

श्री प्रताप सिंह सेठिया स.उ.नि. गंगाराम सेठिया, पता: सुकमा चिंतागुफा जगदलपुर, जिला - बस्तर (छ.ग.)

प्रिय महोदय,
हमारे पास आपका गोल्ड लोन खाता. नं. - 904273710000314
स्वीकृत राशि: रु. 31000.00
वर्तमान बकाया शेष: रु. 33084.89

कृपया ध्यान रखें कि हमारी शाखा द्वारा आपको आपके सोने के आभूषण/गहने /सिक्के (यानी अंगूठी, चेन इत्यादि) गिरवी रखने पर 08-09-2022 को 31000=00 रुपये (इकतीस हजार रुपये) का ऋण स्वीकृत किया गया था। कुल वजन 11.74 ग्राम । उपरोक्त ऋण और ब्याज के कारण अब बैंक को 36360.00 रुपये देय है। आपसे 21-10-2024 को/उससे पहले बैंक का बकाया चुकाने के लिए कहा जाता है। ऐसा न होने पर उपरोक्त गिरवी रखे गए आभूषण/आभूषण/सिक्के या उसके पर्याप्त हिस्से को बैंक द्वारा अपने बकाया की वसूली के लिए बेच दिया जाएगा और बिक्री से प्राप्त आय को ऐसी बिक्री या बिक्री के प्रयास से जुड़ी लागतों में से कटौती करने के बाद पूर्ण संतुष्टि के लिए विनियोजित किया जाएगा। बैंक के दावे का विवरण और कमी की स्थिति में बैंक आपसे घाटे की राशि वसूल करेगा। सोने के आभूषणों/आभूषणों/सिक्कों की बिक्री बैंक द्वारा 30-10-2024 या इसके लिए निर्धारित किसी अन्य तारीख को आपको बिना किसी पूर्व सूचना के की जा सकती है।

आपका विश्वासी
शाखा प्रबंधक

शोक संदेश

स्व. श्री किशन अग्रवाल जी
(पिता स्व. श्री नरसिंह लाल जी अग्रवाल)
का बैकुंठवास
शुक्रवार, दिनांक 04.10.2024 को हो गया है।
बैठक- 06 अक्टूबर से 13 अक्टूबर 2024 तक
सायं 4 बजे से 8 बजे तक
निवास स्थल: जवाहर नगर, राधा कृष्णा मंदिर के सामने रायपुर (छ.ग.)



श्रद्धांजलि सभा एवं पगड़ी रस्म
मंगलवार, दिनांक 15 अक्टूबर 2024, सायं 4 बजे
स्थान : खालसा स्कूल, कचहरी चौक के पास, पंडरी रायपुर (छ.ग.)

शोकाकुल
भाई: श्यामसुंदर अग्रवाल, गौरीशंकर अग्रवाल (पूर्व विधानसभा अध्यक्ष छ.ग.), अशोक अग्रवाल, अजय अग्रवाल, विजय अग्रवाल,
सुपुत्र : भावेश अग्रवाल भतीजे: संजय, नितिन, अनुराग, अक्षत, आदित्य, विवान

MARUTI SUZUKI

Vishwabharti
Automobiles Pvt. Ltd.

# भव्य शुभारंभ

## विश्वभारती ऑटोमोबाइल्स परिवार को हार्दिक बधाइयाँ

### रायपुर का सबसे बड़ा NEXA वर्कशॉप

40,000 वर्ग फुट में निर्मित



DEVPURI, RAIPUR (C.G.) SERVICE - 6262620003 | SALES- 6262620004



माननीय **बृजमोहन अग्रवाल जी** (सांसद) द्वारा किया गया NEXA DEVPURI का उद्घाटन

ARENA



MOWA, RAIPUR (C.G.)
SALES 6262620000 | SERVICE 6262620044

NEXA



VIDHAN SABHA ROAD, RAIPUR (C.G.)
SALES 6262620001 | SERVICE 6262620002







- फिल्म स्टार वरुण धवन द्वारा मारुती सुजुकी की एड शूटिंग विश्वभारती ऑटोमोबाइल्स मोवा में किया गया |
- वित्त वर्ष 23-24 में मारुती सुजुकी का सर्वोच्चतम अवार्ड ओमेगा और रॉयल प्लेटिनम प्राप्त करने वाला छत्तीसगढ़ का एकमात्र डीलर |
- लगातार 6 वर्षो से ग्राहक की सेवा में उत्कृष्ट प्रदर्शन |
- FADA द्वारा CEO दिशा अग्रवाल को WOMEN ENTREPRENEUR के अवार्ड से नवाजा गया|

TRUE VALUE



RING RD NO.1,SARONA, RAIPUR (C.G.)
6262620126

DRIVING SCHOOL



RAJ BHAVAN ROAD, RAIPUR (C.G.)
6262620100

ARENA
ARANG



INFRONT OF BLOCK OFFICE, ARANG (C.G.)
SALES 6262620007 | SERVICE 6262620151

ARENA
BASNA



PADAMPUR ROAD, BASNA (C.G.)
SALES 6262620031 | SERVICE 6262620120



श्री यशवंत अग्रवाल
(Managing Director)



श्री अभिषेक अग्रवाल
(Director)



सुश्री. दिशा अग्रवाल
(CEO)

शुभेच्छु: सभी मित्रगण

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com